हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



हरिभूमि ने तौला बच्चों का स्कूल बैग

वजन के साथ कीमत में भी 500 तक इजाफा

### इस तरह होना चाहिए बैग का वजन

स्कूल बैग पॉलिसी के अनुसार

| | |
|---|---|
| कक्षा 1-2: में | 1.6- 2.2 किलो |
| कक्षा 3-5: में | 1.7- 2.5 किलो |
| कक्षा 6-7: में | 2.0 - 3.0 किलो |
| कक्षा 8 में | 2.5- 4.0 किलो |
| कक्षा 9-10: में | 2.5- 4.5 किलो |
| कक्षा 11-12: में | 3.5- 5.0 किलो |

# कंधे कैसे नहीं झुकेंगे...ढाई किलो का बस्ता आठ किलो तक पहुंचा, इस बार एक किलो और बढ़ गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ललित राठोड़/अजय साहू

हरिभूमि लाइव

छोटे बच्चों के कंधे और कमर को झुकने से बचाने के लिए देश के साथ छग में लागू बैग पालिसी की किस तरह धज्जियां उड़ाई जा रही है, यह इस बात से भी पता चलता है कि पिछले साल से इस बार बस्ते का वजन एक किलो और बढ़ गया। साल दर साल बढ़ता हुआ प्राइमरी का बस्ता ढाई किलो से आठ किलो तक जा पहुंचा है। इतना ही नहीं, निजी स्कूलों का बस्ता भी 300 से 500 रुपए तक महंगा हो गया है। टीम हरिभूमि ने गुरुवार को पहली से ▶▶|शेष पेज 4 पर







### नर्सरी में 300 से 500 तक बढ़ा किताब का रेट

स्कूल बैग के वजन के साथ किताबों की कीमत में भी बढ़ोतरी हुई है। प्राइवेट स्कूल में पिछले साल 2000 हजार तक नर्सरी की 6 किताबें मिलती थीं, जो अब 2700 तक पहुंच गया है। इसी तरह पहली से आठवीं तक किताबों के दाम में 800 रुपए तक अंतर ▶▶|शेष पेज 4 पर

### सिविल लाइन, दोपहर 11:45

केस 01

कक्षा आठवीं के छात्र के बैग में आठ किताबें और पांच कॉपियां थी। तौलने पर इसका वजन 13 किलो निकला। बच्चे की उम्र 9 साल थी। अभिभावक का कहना है कि हर साल किताबों के पन्ने बढ़ रहे हैं, जिससे कुल किताब का वजन 1 किलो से अधिक बढ़ रहा है।

### राजेंद्र नगर, दोपहर 12:20

केस 02

कक्षा पांचवी के बच्चों के बैग का वजन आठ किलो तक दर्ज किया गया। इस वजह से स्कूल से लौटते वक्त कंधे झुके हुए थे। बैग में 6 किताबें और 4 कॉपियों के साथ टिफिन बॉक्स और बोतल थी।

### बैरन बाजार, दोपहर 12 बजे

केस 03

कक्षा 7वीं के बच्चे के बस्ते का बोझ 11 किलो तक तौला गया। बच्चों ने बताया कि अभी सभी किताब और कॉपियों के साथ स्कूल बुलाया जा रहा है, इस वजह से बोझ बढ़ गया है। बैग में 8 किताबें और 5 कॉपियां लेकर बच्चे स्कूल पहुंचे थे।



### कक्षा आठवीं के बच्चे उठा रहे 13 किलो का बैग

नए सत्र के साथ किताबों के पन्ने और वजन दोनों बढ़ गए हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत स्कूल बैग पॉलिसी 2020 के तहत कक्षा 8 में बस्ते का वजन चार किलो होना चाहिए था, लेकिन साल दर साल इसका वजन बढ़ते गया और अब तौल करने पर वजन 13 किलो निकला, जबकि बच्चे की उम्र 9 साल थी। बैग में बोतल और टिफिन का वजन लगभग एक किलोग्राम तक था। बैग, किताब और कॉपी का वजन लगभग 12 किलो तक दर्ज किया गया। इसी ▶▶|शेष पेज 4 पर

### रीढ़ की हड्डी में टेढ़ापन

*भारी-भरकम वजह लेकर जाने वाले बच्चों के शरीर पर विपरीत असर पड़ता है। ज्यादातर बच्चों का शारीरिक विकास थम जाता है। क्षमता से अधिक वजन टांगने से रीढ़ की हड्डी में टेढ़ापन आ जाता है और मानसिक स्थिति पर भी प्रभाव पड़ता है।*

*- डॉ. प्रकाश शर्मा*
*हड्डी रोग विशेषज्ञ*




## नीट पर उबाल : पेपर लीक मामले में दिल्ली समेत कई शहरों में प्रदर्शन

# एनटीए दफ्तर में जड़ा ताला, एनएसयूआई के छात्रों पर लाठीचार्ज, संसद में आज स्थगन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

*नीट पेपर लीक को लेकर एक तरफ जांच एजेंसी अपनी जांच को तेजी से आगे बढ़ा रही है तो दूसरी तरफ छात्रों के प्रदर्शन भी हो रहे हैं। दिल्ली में प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने एनटीए दफ्तर पर ताला जड़ दिया। इसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को पीटा। इधर, इंडिया गठबंधन ने शुक्रवार को संसद में स्थगन प्रस्ताव लाने का निर्णय लिया है।*

दिल्ली में गुरुवार को एनटीए के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन हुआ है। कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई ने जोरदार प्रदर्शन किया है। इस प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारी दिल्ली के ओखला में स्थित एनटीए के दफ्तर में घुस गए। एक वीडियो सामने आया है जिसमें नजर आ रहा है कि एनएसयूआई के कार्यकर्ता दौड़ कर दफ्तर के अंदर घुस रहे हैं। इस दौरान वो एनटीए के खिलाफ नारेबाजी भी कर रहे हैं। नाराज एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने एनटीए के दफ्तर में ताला जड़ दिया। एनएसयूआई के कई कार्यकर्ता एनटीए दफ्तर के अंदर ही बैठ कर प्रदर्शन करने लगे। यह प्रदर्शनकारी 'एनटीए को बंद करो' के नारे भी बुलंद कर रहे थे। इनके हाथों में पोस्टर-बैनर भी ▶▶|शेष पेज 4 पर

■ सुप्रीम कोर्ट में भी सुनवाई जारी, कोर्ट ने परीक्षा एजेंसी से पूछे सवाल

### एक्शन में सीबीआई, बिहार में दो हिरासत में, कई राज्यों में जांच जारी

### संसद घेरने का प्रयास

युवा कांग्रेस ने नीट-यूजी परीक्षा में धांधली के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता वरुण पांडे ने बताया कि संगठन के अध्यक्ष श्रीनिवास बी. वी. के नेतृत्व में यहां जंतर-मंतर से संसद का घेराव के लिए एकत्रित हुए कार्यकर्ता जब संसद की तरफ बढ़ने लगे तो दिल्ली पुलिस ने बैरिकेडिंग कर उन्हें रोका लेकिन उत्साहित कार्यकर्ता आगे बढ़ने का प्रयास करने लगे तो पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। उन्होंने बताया कि इस दौरान कई युवा घायल हुए हैं। पुलिस लगातार डंडे मारती रही जिसमें कई युवाओं को गंभीर चोट आई है।










### सीबीआई ने दो लोगों को हिरासत में लिया

सीबीआई ने प्रश्नपत्र लीक होने के मामले में पहली बार गिरफ्तारियां कीं और पटना से दो लोगों को हिरासत में लिया। अधिकारियों ने बताया कि मनीष कुमार और आशुतोष कुमार ने परीक्षा से पहले अभ्यर्थियों को सुरक्षित परिसर कथित तौर पर मुहैया कराए जहां उन्हें लीक हुए प्रश्नपत्र तथा उत्तर पुस्तिकाएं दी गईं। उन्होंने कहा ▶▶|शेष पेज 4 पर

### सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए से मांगा जवाब

सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए से जानना चाहा कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)-स्नातक 2024 में शामिल हुए अभ्यर्थियों को दी गई ओएमआर शीट से संबंधित शिकायतों को उठाने के लिए कोई समयसीमा है या नहीं। न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने एक निजी कोचिंग सेंटर और ▶▶|शेष पेज 4 पर

संसद में बोलीं राष्ट्रपति

### निष्पक्ष जांच कराने सरकार प्रतिबद्ध

संसद में अभिभाषण के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि सरकार पेपर लीक की हालिया घटनाओं की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों को सजा दिलाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने इस मामले में दलगत राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्रीय स्तर पर कड़े कदम उठाने की आवश्यकता भी जताई। 18 लोकसभा में पहली बार संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा कि उनकी सरकार देश के युवाओं को बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने में सक्षम बनाने के लिए माहौल तैयार करने का काम कर रही है। जिस वक्त वह शिक्षा के मोर्चे पर सरकार ▶▶|शेष पेज 4 पर

## सौम्या को नहीं मिली जमानत, दो कारोबारी 1 तक पुलिस रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

माइनिंग घोटाला के आरोप में जेल में बंद राज्य प्रशासनिक सेवा की निलंबित अफसर सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका गुरुवार को स्पेशल कोर्ट ने खारिज कर दी। इसके साथ ही बिलासपुर तथा कोरबा से गिरफ्तार किए गए कोल कारोबारी हेमंत तथा चंद्रप्रकाश जायसवाल की स्पेशल कोर्ट ने पुलिस रिमांड एक जुलाई तक के लिए बढ़ा दी है।

**महादेव सट्टा एप के आरोपियों की न्यायिक रिमांड बढ़ाई गई**

बचाव पक्ष के वकील ने माइनिंग घोटाला के आरोप में डेढ़ साल से न्यायिक रिमांड पर जेल में बंद सौम्या चौरसिया का जमानत आवेदन पेश किया। वकील ने ईओडब्लू के पत्र का हवाला देते हुए कहा कि जांच एजेंसी ने खुद अपने पत्र में सौम्या चौरसिया को न्यायिक रिमांड पर रखने की आवश्यकता नहीं बताई है। इसके साथ ही ईडी तथा ईओडब्लू की एफआईआर में पद का दुरुपयोग करने का सबूत पेश नहीं किया है। बचाव पक्ष के वकील ने सुप्रीम कोर्ट तथा हाईकोर्ट के कई उदाहरण पेश करते हुए कोर्ट से सौम्या चौरसिया को जमानत का लाभ देने का आवेदन किया, जिसका ईओडब्लू के वकील ने विरोध किया। एक घंटे की बहस के बाद कोर्ट ने माइनिंग घोटाले में सौम्या की संलिप्तता परिलक्षित होने की बात कहते हुए जमानत देने से इनकार कर दिया।

### सट्टा एप के आरोपी 10 तक रिमांड पर रहेंगे

महादेव सट्टा एप के आरोप में जेल में बंद आठ आरोपी जिसमें निलंबित एएसआई चंद्रभूषण वर्मा के साथ राहुल वकटे, रितेश यादव, भीम यादव, अमित अग्रवाल, सुनील दम्मानी तथा सतीश चंद्राकर, अर्जुन यादव की स्पेशल कोर्ट ने न्यायिक रिमांड अवधि 10 जुलाई तक के लिए बढ़ा दी है।

### T20 world cup स्कोर बोर्ड

| अफगानिस्तान | | द.अफ्रीका |
|---|---|---|
| 56/10 | VS | 60/1 |

9 विकेट से जीता दक्षिण अफ्रीका

3 विकेट : मार्को जानसेन
प्लेयर ऑफ द मैच

| भारत | | इंग्लैंड |
|---|---|---|
| 171/7 | VS | 103/10 |

68 रन से जीता भारत

3 विकेट: अक्षर पटेल
प्लेयर ऑफ द मैच

फाइनल कल
द. अफ्रीका VS भारत
शाम : 8 बजे

## खबर संक्षेप

### एनआईए ने झारखंड में कई ठिकानों पर मारे छापे



**नई दिल्ली।** एनआईए ने झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के संदिग्धों और समर्थकों के परिसरों पर छापे मारे। चार स्थानों पर छापेमारी के दौरान मोबाइल फोन, दस्तावेज और पत्र समेत कई आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गईं।

### बिहार में एक हफ्ते में गिरा चौथा पुल



**किशनगंज।** बिहार में एक सप्ताह से अधिक समय में पुल ढहने की अपनी तरह की चौथी घटना मेंकिशनगंज जिले में एक और पुल गिर गया। बहादुरगंज प्रखंड में स्थित यह पुल 70 मीटर लंबा और 12 मीटर चौड़ा था। यह पुल 2011 में कनकई नदी को महानंदा से जोड़ने वाली एक छोटी सहायक नदी मड़िया पर बनाया गया था।

### सिक्किम के पहले निर्वाचित सांसद सुब्बा का निधन



**गंगटोक।** सिक्किम से लोकसभा के पूर्व सदस्य पहलमान सुब्बा का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 90 वर्ष के थे।सुब्बा ने सिक्किम जनता पार्टी के टिकट पर 1980 का चुनाव सफलतापूर्वक लड़ा और 1984 तक सांसद रहे। वह राज्य के दूसरे सांसद लेकिन चुनाव लड़ने वाले पहले सांसद थे।

## खुला सीएम का द्वार, पहले जनदर्शन में 1500 अर्जियां



चार घंटे समस्या सुनते रहे सीएम साय, किसी की विदेश यात्रा आसान हुई, किसी को मिला तुरंत प्रमाणपत्र





### सभी आवेदनों पर होगी कार्यवाही : साय

मुख्यमंत्री ने जनदर्शन कार्यक्रम में कहा, हमारी सरकार को छह महीने हुए हैं। लगातार लोगों से मिलकर उनकी समस्या हल करने का प्रयास किया है। पहले भी मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के समय मुख्यमंत्री लोगों से जनदर्शन में मिलते थे। ▶▶|शेष पेज 4 पर

**रायपुर।** साय सरकार का पहला जनदर्शन कार्यक्रम गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास में आयोजित किया गया। करीब चार घंटे से अधिक समय तक चले जनदर्शन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में आए नागरिकों ने मुलाकात कर अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, पहले दिन 1500 से ज्यादा आवेदन आए। उन्होंने बताया कि नगरीय निकाय, राजस्व, स्वास्थ्य, स्वेच्छानुदान के मामले सबसे ज्यादा आए। कई समस्याओं का तत्काल निराकारण किया गया। कांग्रेस द्वारा जनदर्शन पर सवाल खड़े करने पर उन्होंने कहा, कांग्रेस ▶▶|शेष पेज 4 पर

### भारत रत्न आडवाणी को एम्स से दी गई छुट्टी



**नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता भारत रत्न लालकृष्ण आडवाणी को बृहस्पतिवार को एम्स अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। अस्पताल के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी (96) की तबीयत बिगड़ने पर बुधवार रात उन्हें करीब साढ़े दस बजे यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के पुराने निजी वार्ड में भर्ती कराया गया था। लालकृष्ण आडवाणी की ▶▶|शेष पेज 4 पर

हाईवे में भीषण हादसा

## खड़ी ट्रेलर से भिड़ी कंटेनर ड्राइवर-कंडक्टर जिंदा जले

**बेमेतरा/नवागढ़/नांदघाट।** बुधवार-गुरुवार की रात रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे में नारायणपुर के पास बीच सड़क पर खड़ी ट्रेलर से बिलासपुर की ओर से आ रही कंटेनर ट्रक में भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रेलर से टकराने के बाद कंटेनर के केबिन के परखच्चे उड़ गए और उसमें आग लग गई। इसमें कंटेनर में बैठे ड्राइवर और कंडक्टर आग की चपेट में ▶▶|शेष पेज 4 पर



## लाखों पक्षियों का रहेगा डेरा, मेहमान मानते हैं ग्रामीण

# साइबेरियन पक्षियों की कलरव से लचकेरा फिर निहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

अलग खबर

मानसून की दस्तक से पहले ही गरियाबंद के लचकेरा गांव में हजारों की संख्या में साइबेरियन पक्षी पहुंच चुके हैं। यहां रहने वाले ग्रामीणों का कहना है कि मानसून तक यहां लाखों की संख्या में यह पक्षी पीपल, आम, कहुआ, इमली के वृक्ष में अपना डेरा डालते हैं। गांव के चारों तरफ आपको पक्षी ही पक्षी नजर आएंगे।

इन पक्षियों को ग्रामीण अपने परिवार का सदस्य मानते हैं। ग्रामीणों ने इन ▶▶|शेष पेज 4 पर



### क्षेत्र इन विदेशी पक्षियों के लिए अनुकूल

लचकेरा गांव और आस-पास का क्षेत्र इन विदेशी पक्षियों के लिए अनुकूल है, जो खास तौर पर प्रजनन के लिए यहां आते है। खाने के लिए काफी भोजन मिल जाता है। ओपन बिल स्ट्रोक पक्षी का खास आहार मछली, घोंघा, केकड़ा और कीट है। दीपावली के समय पक्षी वापस अपने देश के लिए उड़ जाते हैं। बताया जाता है कि यह पक्षी बांग्लादेश, कंबोडिया, चीन, भारत, आलोस, मलेशिया, म्यामार, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका, थाईलैंड और वियतनाम में पाए जाते हैं।

### गांव में मोबाइल टॉवर तक लगने नहीं देते

गांव के सरपंच उदय राम निषाद ने बताया कि जहां एक ओर इन्हें नुकसान पहुंचाने पर दंड रखे हैं। वहीं इन पक्षियों को किसी तरह के रेडिएशन से नुकसान न पहुंचे इसके लिए ग्रामीण गांव में मोबाइल टॉवर तक लगने नहीं देते। ग्रामीण बताते है कि यह पक्षी खास तौर पर गांव में प्रजनन के लिए आते है। घोसला बनाने के बाद करीब 1 से दो महीने के भीतर ये अंडे देते है। इन पक्षियों के आते ही ग्रामीण मानसून का दस्तक मानते है और खेती किसानी का कार्य शुरू कर देते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यह पक्षी कृषि कार्य में काफी फायदा ▶▶|शेष पेज 4 पर



*आप जो दवाइयां खा रहे हैं, हो सकता है कि उनमें से कई घटिया स्तर की हो। जी हां, ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया यानी डीजीसीआई ने दवाओं की जांच में पाया है कि 50 दवाइयां घटिया स्तर की बन रही हैं जो देश में हर जगह बिक रही है। लोग इसी घटिया दवा को खा रहे हैं।*

# पैरासिटामॉल सहित 50 महत्वपूर्ण दवाइयों की क्वालिटी खराब!

## डीजीसीआई ने दी चेतावनी, हर जगह बिक रही हैं घटिया दवाइयां

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जो दवाइयां घटिया निकली है उनमें पैरासिटामॉल 500 एमजी, बीपी की दवा टेल्मीसारटन, कफटीन कफ सीरप, मिर्गी की दवा क्लोनाजेपेम, दर्द की दवा डिक्लोफेनेक, मल्टीविटामिन और कैल्शियम की दवा शामिल है। ये ऐसी दवाइयां हैं जिनका इस्तेमाल लाखों लोग करते हैं। अधिकांश लोग बुखार लगने पर खुद ही पेरासिटामोल खरीद कर खा लेते हैं। डीजीसीआई ने कहा है कि ये दवाइयां बहुत ही निम्न स्तर की बन रही हैं।




मिंट की खबर के मुताबिक डीजीसीआई ने अपनी रिसर्च में पाया है कि बालों में लगाने वाला हीना भी सही नहीं मिल रहा है। यह भी घटिया स्तर का बन रहा है। कॉस्मेटिक केटगरी में शामिल हीना मेहंदी की गुणवत्ता बहुत खराब है। दवाओं की गुणवत्ता से संबंधित यह जांच ऐसे समय हुई है कि जब विदेश में भारतीय कफ सीरप से बच्चों की मौत भी सामने आई है। सेंट्रल ड्रग स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन के मुताबिक इन दवाओं के सैंपल मई में लिए गए थे। इन सैंपल को गुजरात के वाघोडिया, हिमाचल प्रदेश के सोलन, राजस्थान के जयपुर, उत्तराखंड के हरिद्वार, हरियाणा के अंबाला, आंध्र के हैदराबाद के साथ-साथ अन्य जगहों से लिए गए थे। जिस पेरासिटामोल को घटिया पाया गया है कि उसका सैंपल उज्जैन के अस्कोन हेल्थकेयर से लिया गया था। जब इस संबंध में कंपनी से बात की गई तो उसकी ओर से कोई जवाब नहीं आया।

**हीना मेहंदी भी घटिया**

### ये दवाइयां भी शामिल

डीजीसीआई ने जिन दवाइयों को घटिया गुणवत्ता वाली सूची में डाला है उनमें कॉन्स्टिपेशन के लिए लेक्टोलूज सॉल्यूशन, ब्लड प्रेशर के लिए टेलमिसाटन और अम्लोडिपाइन, ऑटो इम्यून डिजीज के लिए डेक्सामेथासोन सोडियम फॉस्फेट, गंभीर इंफेक्शन के लिए क्लोनाजेपाम टैबलेट जैसी जीवनरक्षक दवाइयां शामिल हैं। ड्रग सैंपल का परीक्षण केंद्र और राज्य दोनों सरकारों की लेबोरेटरी में किया गया। इसी साल फरवरी में डीजीसीआई के डायरेक्टर राजीव रघुवंशी ने राज्य सरकारों से लोकल मार्केट में बेची जा रही दवाइयों पर कड़ी निगरानी रखने के लिए कहा था। इसके साथ ही जांच का मंथली डाटेबस तैयार करने को कहा था।

## खबर संक्षेप

### चंद्रयान-4 दो हिस्सों में होगा लॉन्च : इसरो चीफ



**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के चेयरमैन एस. सोमनाथ ने भारत के महत्वाकांक्षी मून मिशन चंद्रयान-4 को लेकर बड़ी बात बताई है। उन्होंने बुधवार को बताया कि चंद्रयान-4 को चांद से मिट्टी के नमूने वापस लाने के लिए बनाया गया है। इसे एक बार में नहीं, बल्कि दो अलग-अलग रॉकेट लॉन्च करके अंतरिक्ष की कक्षा में भेजा जाएगा। फिर अंतरिक्ष में ही इन दोनों भागों को जोड़कर चंद्रयान-4 को पूरा बनाया जाएगा और उसके बाद ही चांद की तरफ भेजा जाएगा।

### यह तो लीकेज वाली सरकार है : उद्धव ठाकरे



**मुंबई।** महाराष्ट्र विस का मॉनसून सेशन पहले ही दिन हंगामेदार रहा। विपक्ष ने सदन में तीखे हमले बोले तो बाहर निकलकर भी उद्धव ठाकरे हमलावर रहे। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि राम मंदिर में लीकेज हो रही है और पेपर भी लीक हो रहे हैं। दरअसल राम मंदिर की ऊपरी मंजिल पर अभी काम बाकी होने के चलते नीचे एक जगह बौछार से पानी आ गया था। इसी पर उद्धव ने तंज किया।

### बिहार के अगले सीएम का चेहरा चुनाव बाद तय होगा



**नई दिल्ली।** भागलपुर में भाजपा नेता अश्विनी कुमार चौबे ने स्पष्ट कर दिया कि बिहार विधान सभा चुनाव के बाद मुख्यमंत्री का चेहरा कौन होगा। उन्होंने कहा कि "मेरी इच्छा है और मैंने पार्टी नेतृत्व से भी कहा है कि बिहार में भाजपा के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बननी चाहिए। पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा अकेले अपने दम पर सत्ता में आए और अपने सहयोगियों को भी आगे ले जाए। यही मेरी मंशा है।

### राष्ट्रपति ने 50 मिनट के अभिभाषण में किया कई मुद्दों का जिक्र

# जीएसटी मील का पत्थर, सेना में सुधार का दावा, शिक्षा नीति पर भी की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित किया। उन्होंने अपने 50 मिनट के संबोधन में सेनाओं में सुधार का दावा किया, लेकिन एक बार भी एग्निवीर का नाम नहीं लिया। राष्ट्रपति ने जब अपने संबोधन के दौरान शिक्षा नीति की बात की, तो विपक्षी सदस्य नीट-नीट के नारे लगाने लगे। मुर्मू ने अपने संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार की प्राथमिकताओं को सामने रखा। आपको बता दें कि 18वीं लोकसभा के गठन के बाद संसद की संयुक्त बैठक में मुर्मू का यह पहला संबोधन है। नई लोकसभा का पहला सत्र गत सोमवार को शुरू हुआ था। इसके अलावा राज्यसभा का 264वां सत्र 27 जून से शुरू हुआ।

*मुर्मू ने अपने संबोधन में मोदी सरकार की प्राथमिकताओं को रखा सामने*

*70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों का होगा फ्री इलाज*



### इन मुद्दों पर की बात

18वीं लोकसभा के पहले संसद सत्र के चौथे दिन राष्ट्रपति ने हर मुद्दे पर बात की। उन्होंने कहा- पेपर लीक करने वालों को कड़ी सजा दिलाई जाएगी। उन्होंने सेना को आत्मनिर्भर बनाने की तैयारियां भी बताईं। नॉर्थ-ईस्ट में शांति के लिए सरकार के प्रयासों का भी जिक्र किया। राष्ट्रपति ने महिलाओं, युवाओं, किसानों, गरीबों के बारे में बात की। राष्ट्रपति ने चुनाव आयोग की तारीफ की, वहीं जीएसटी को भारतीय अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए मील का पत्थर बताया। मुर्मू ने बताया, आयुष्मान भारत योजना के तहत मुफ्त इलाज का लाभ अब 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों को भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि देश में 25 हजार जन औषधि केंद्रों को खोलने का काम भी तेजी से चल रहा है।

### अब पूरे देश में दौड़ेगी बुलेट ट्रेन



अहमदाबाद से मुंबई को जोड़ने वाली बुलेट ट्रेन के प्रोजेक्ट पर तेजी से काम चल रहा है। इस बीच सरकार ने घोषणा की है कि वह पूरे देश में इसकी संभावनाओं पर विचार करेगी और उसके लिए स्टडी कराएगी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए इस बात की जानकारी दी है। देश में बुनियादी ढांचे के विकास पर जोर देते हुए कहा कि राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि मेरी सरकार ने देश के उत्तर, दक्षिण और पूर्व में बुलेट ट्रेन कॉरिडोर के लिए अध्ययन शुरू करने का फैसला किया है। इस स्टडी के अंदर यह देखा जाएगा कि आखिर बुलेट ट्रेन को चलाने के लिए क्या रूट हो सकता है। इसके लिए कितनी जमीन की जरूरत होगी। ट्रैक को किस तरह से बनाया जाएगा और इस प्रोजेक्ट में सरकार का कितना खर्च हो सकता है। माई भारत का भी किया जिक्रः - अपने संबोधन के दौरान राष्ट्रपति ने 'माई भारत' का भी उल्लेख किया और कहा कि सरकार ने युवाओं की राष्ट्रनिर्माण में भागीदारी और बढ़ाने के लिए मेरा युवा भारत अभियान की शुरुआत की है। राष्ट्रपति ने बताया कि इसमें अब तक डेढ़ करोड़ से अधिक युवा रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। सथ ही यह भी कहा कि सरकार डिजिटल यूनिवर्सिटी बनाने की दिशा में भी काम कर रही है।

# स्पीकर से मिले नेता प्रतिपक्ष राहुल, इमरजेंसी पर दर्ज कराया विरोध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से उनके कक्ष में मुलाकात की और सदन में उनके द्वारा किए गए आपातकाल के संदर्भ पर अपनी नाराजगी व्यक्त की। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने संसद में बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, राहुल गांधी ने कहा कि यह "स्पष्ट रूप से राजनीतिक" था और मामले को टाला जा सकता था। बैठक में राहुल गांधी के अलावा समाजवादी पार्टी सांसद डिंपल यादव, राजद सांसद मीसा भारती और एनसीपी शरद पवार गुट की नेता सुप्रिया सुले शामिल हुईं।

- **बोले- आपातकाल पर टिप्पणी राजनीति से प्रेरित**



### राहुल गांधी ने स्पीकर से की शिष्टाचार मुलाकात

वेणुगोपाल ने कहा, "यह एक शिष्टाचार मुलाकात थी, जिसके दौरान राहुल गांधी ने सदन में अध्यक्ष द्वारा आपातकाल लागू किए जाने का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने आगे कहा, "अध्यक्ष ने राहुल गांधी को विपक्ष का नेता घोषित किया और उसके बाद, वह अन्य इंडिया ब्लॉक सहयोगी नेताओं के साथ अध्यक्ष से मिले। बुधवार को, ओम बिड़ला ने लगातार दूसरी बार अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने के तुरंत बाद, 25-26 जून, 1975 की रात को आपातकाल लगाए जाने की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पढ़ा और कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

### राष्ट्रपति ने भी किया आपातकाल का जिक्र, हुआ हंगामा

ओम बिड़ला ने "आपात काल" के दौरान अपनी जान गंवाने वाले नागरिकों की याद में दो मिनट का मौन भी रखा। उन्होंने कहा कि आपातकाल के दौरान भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों को कुचल दिया गया और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का गला घोंट दिया गया। जैसे ही बिड़ला ने बयान पढ़ा, कांग्रेस सदस्य सदन के वेल में आ गए, जिससे सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। आपातकाल का जिक्र राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को संसद की संयुक्त बैठक में अपने संबोधन के दौरान भी किया था। राष्ट्रपति ने आपातकाल को संविधान पर "सबसे बड़ा हमला" और देश के इतिहास का "सबसे काला अध्याय" बताया।

### मालदीव में बड़ा घटनाक्रम

# राष्ट्रपति मुइज्जू पर काला जादू राज्य मंत्री समेत 3 गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मालदीव में एक बड़ा घटनाक्रम देखने को मिला है। पुलिस ने यहां राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू पर कथित तौर पर काला जादू करने के आरोप में देश की सरकार के एक मंत्री को गिरफ्तार किया है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक पुलिस ने मुइज्जू के करीब आने के लिए जादू-टोना करने के आरोप में पर्यावरण मंत्रालय की राज्य मंत्री फातिमा शमनाज के साथ दो अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने एक बयान में बताया कि तीनों को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया गया, जहां से कोर्ट ने सभी को सात दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। स्थानीय अखबार के मुताबिक मंत्री शमनाज के भाई और एक अन्य आरोपी को गिरफ़्तार किया गया। शमनाज राष्ट्रपति कार्यालय के मंत्री एडम रमीज की पूर्व पत्नी हैं। शमनाज की गिरफ़्तारी से पहले पुलिस ने उनके घर की तलाशी ली. पुलिस ने घर से कुछ सामान भी जब्त किया है।



### मंत्री शमनाज के घर से काला जादू से जुड़ी चीजें जब्त

पुलिस प्रवक्ता अहमद शिफान ने भी मंत्री शमनाज की मंगलवार को दो अन्य लोगों के साथ गिरफ़्तारी की पुष्टि की. इससे पहले, पुलिस ने शमनाज के घर पर छापा मारा और कई ऐसी चीजें जब्त कीं, जिनके बारे में सूत्रों का कहना है कि उनका इस्तेमाल काला जादू करने के लिए किया गया होगा।

### मुइज्जू के साथ कई पदों पर काम कर चुकी आरोपी मंत्री

बता दें कि अप्रैल में पर्यावरण मंत्रालय में स्थानांतरित होने से पहले शमनाज ने पिछले साल सितंबर में चुने गए मुइज्जू के लिए राष्ट्रपति भवन में राज्य मंत्री के रूप में काम किया था। इससे पहले उन्होंने माले की नगर परिषद में मुइज्जू के साथ काम किया था और मुइज्जू के मेयर रहने के दौरान शहर के पार्षद के रूप में काम किया था।

### पड़ोसी देश ने फिर अलापा कश्मीर राग

# यूएन में भारत ने लगाई पाकिस्तान को लताड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र में एक बार फिर भारत ने पाकिस्तान को जमकर खरी-खरी सुनाई। दरअसल, पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र के एक सत्र के दौरान जम्मू कश्मीर का मुद्दा उठाया। जिस पर जवाब देते हुए भारत ने जम्मू-कश्मीर पर पाकिस्तान की आधारहीन टिप्पणियों के लिए उसकी आलोचना की। उसने टिप्पणियों को राजनीति से प्रेरित और निराधार बताया। कहा कि यह उसके अपने देश में बच्चों के खिलाफ जारी गंभीर उल्लंघनों से ध्यान हटाने का एक और आदतन प्रयास है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बच्चों और सशस्त्र संघर्ष पर खुली बहस के दौरान, संयुक्त राष्ट्र में भारत के उप प्रतिनिधि आर रवींद्र ने बुधवार को कहा कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न और अलग-अलग हिस्से हैं। बहस के दौरान अपना बयान समाप्त करने से पहले आर रवींद्र ने कहा, 'मुझे समय के हित में टिप्पणियों का संक्षेप में जवाब देने दें, जो स्पष्ट रूप से राजनीति से प्रेरित और निराधार थीं, जो मेरे देश के खिलाफ एक प्रतिनिधि द्वारा की गई थीं।




**पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहायक पाठ्यक्रम 2024-25 हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित**

**छत्तीसगढ़ व्यवसायिक प्रशिक्षण संस्थान बिलासपुर (छ.ग.)**
Chhattisgarh Vocational Training Institute Bilaspur (C.G.)

राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (भारत सरकार) द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहायक पाठ्यक्रम (GDA, GDAA, Dresser, Yoga Trainer, Panch karma, EMT, CCH, CMS & ED) मे छ.ग के बिलासपुर, बलौदा - बजार एवं कोरबा जिला केन्द्रो में चयन हेतु ऑन लाईन आवेदन आमंत्रित है आवेदन हेतु पात्रता 10 वीं/ 12वीं मे न्यूनतम प्रतिशत ST/SC हेतु 40% OBC 45% एवं Gen हेतु 50% चिकित्सा क्षेत्र में कार्यरत भी आवेदन कर सकते हैं। (सभी पाठ्यक्रमों में जिलावार 80 सीटे है)

नोट: आवेदन लैपटॉप, डैक्सटॉप कम्प्युटर द्वारा ही भरे मोबाईल का उपयोग ना करे। चयनित उम्मीदवारो को ई-मेल, वाट्सअप एवं मोबाईल मैसेज द्वारा सूचित कर दिया जावेगा।

**ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि 08 जुलाई 2024**

**ऑनलाईन आवेदन हेतु वेबसाईट cgvti.in.**

हेल्पलाईन नम्बर : 9644840411

### लोगों ने कहा- पैसे से नहीं, दिल से रिच हैं रतन टाटा

# टाटा ने घायल कुत्ते के लिए मांगा हेल्प, लोग हुए सादगी के मुरीद




एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा अपने इंस्टाग्राम हैंडल से पहले भी डॉग की मदद के लिए पोस्ट करते रहे हैं। हाल ही में अपनी एक नई पोस्ट में उद्योगपति ने अपने एनिमल हॉस्पिटल में एडमिट एक कुत्ते के इलाज के लिए हेल्प मांगते नजर आए। इस पोस्ट में उन्होंने लिखा- कि 7 महीने के इस घायल कुत्ते के लिए ब्लड डोनर की आवश्यकता है, उन्हें संदिग्ध टिक बुखार और जानलेवा एनीमिया के लिए भर्ती कराया गया है। टाटा ने कुछ मानदंडों का जिक्र कर कहा था, इन्हें पूरा करने वाले डॉग ही अपना ब्लड डोनेट कर सकते हैं।

### बेजुबान जानवरों के भगवान

कमेंट सेक्शन में लोग उद्योगपति की इस पहल की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। सोशल मीडिया पर इस पोस्ट को अब तक 6 लाख से अधिक लाइक्स मिले है और साढ़े तीन हजार से ज्यादा लोगों ने इसपर अपने कमेंट्स दिए है। कमेंट में एक यूजर ने लिखा- पैसे से नहीं, दिल से रिच है टाटा। वहीं दूसरे यूजर ने लिखा कि आप बेजुबान जानवरों के लिए भगवान है। फिलहाल इस इंस्टाग्राम पोस्ट में दोबारा यह जानकारी दी गई है कि डॉग को इलाज मिल गया है अब ब्लड डोनर की जरूरत नहीं है। रतना टाटा ने 27 तारीख को एक थैंक पोस्ट लिखी जिसमें उन्होंने मुंबई की स्पिरिट और कैस्पर, लियो, स्कूबी, रूनी और इवान नाम के डॉग्स को संकट के समय में खून दान करने के लिए तहे दिल से शुक्रिया अदा किया।

हरिभूमि **HEALTH CARE** छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
**सिंघानिया स्किन केयर** 36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
**डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक** दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राट व नींद
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029 समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
**डॉ. जाऊलकर** ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551 समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
**प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक** मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
- लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
- जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
- जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
- ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
- गायनेकोलॉजी

**अग्रवाल हॉस्पिटल** (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
**डायबिटिक क्लीनिक** Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

**अष्टविनायक हॉस्पिटल** बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं। * आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन **डॉ. रितेश रंजन** (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

**वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर**
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर मो. 9039050422
मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

**मोतियाबिंद** आयुष्मान कार्ड सुविधा SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508133

रायपुर

शुक्रवार, 28 जून 2024

आषाढ़ कृष्ण पक्ष सप्तमी

वर्ष : 22, अंक : 340

पृष्ठ : 12+4+4 = 20, मूल्य : 5.00**


मौसम

अधि. 35.8

न्यून. 25.6


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





06 शादी से पहले ही जहीर को मान चुकी थीं पति

विचार पेज

02 संसद की गरिमा बनाए रखना जरूरी







## आयुष्मान ही नहीं, बीजू कार्ड में भी खेल, ओडिशा तक अस्पतालों के एजेंट, वाहनों में भरकर लाए जा रहे मरीज

**बीजू कार्ड में पांच से दस लाख तक इलाज का इंतजाम छग के दर्जनभर अस्पताल इस योजना में पंजीकृत**

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के कुछ अस्पतालों में ओडिशा की हेल्थ स्कीम के तहत जारी बीजू कार्ड से भी जमकर कमाई की जा रही है। यहां इस कार्ड से इलाज के लिए दर्जनभर से ज्यादा अस्पताल पंजीकृत हैं। इनमें से कुछ ने अपने एजेंट ओडिशा तक फैला रखे हैं, जो मुफ्त इलाज का झांसा देकर मरीजों को अपने वाहन से छग के अस्पताल तक खींचकर ला रहे हैं। इस कार्ड से जमकर कमाई इसलिए भी हो रही है क्योंकि वहां इस कार्ड के माध्यम से पांच से दस लाख रुपए तक इलाज किया जा सकता है।

यहां यह बताना लाजिमी है कि छग के आयुष्मान कार्ड में गड़बड़ी का खुलासा हो चुका है और डेढ़ दर्जन से ज्यादा अस्पतालों को नोटिस जारी किया जा चुका है। कुछ का पंजीयन भी रद्द हो चुका है। आयुष्मान की तरह ही बीजू कार्ड में भी खेल किया जा रहा है। मंगलवार की रात न्यू राजेन्द्र नगर के एक निजी अस्पताल में मरीज ⏭ शेष पेज 4 पर




- निशुल्क खाना, बेहतर इलाज, फ्री वाहन सुविधा जैसे लुभावने ऑफर देकर फांसे जा रहे मरीज
- मामूली समस्या को गंभीर बताकर थोक में अस्पताल लाये जा रहे मरीज

### आईसीयू में भर्ती का खेल

स्वास्थ्य योजनाओं में सामान्य वार्ड और आईसीयू में भर्ती मरीजों के इलाज के लिये अलग अलग पैकेज निर्धारित है। ज्यादा रकम की चाह में अस्पताल प्रबंधन सामान्य मरीजों को सीरियस बताने और कभी कभी गैर जरूरी ऑपरेशन करने से भी नहीं चूकते हैं। पिछले दिनों राज्य के कुछ अस्पतालों पर इसी मामले में जुर्माना भी किया गया है।

### फल फूल रहे कई बड़े अस्पताल

सूत्रों का कहना है कि राजधानी समेत राज्य के कुछ बड़े अस्पताल बीजू कार्ड के हितग्राही मरीजों के भरोसे फल फूल रहे हैं। इन अस्पताल में राज्य की स्वास्थ्य योजना के तहत आने वाले मरीजों के बजाय ओडिशा के मरीजों के उपचार में अधिक फोकस किया जाता है। राज्य के दर्जनभर से ज्यादा सुपरस्पेशलिटी अस्पताल बीजू कार्ड से इलाज के लिए पंजीकृत हैं।


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## छत्तीसगढ़ में रिमझिम, भारी बारिश का फिलहाल इंतजार, दिल्ली भीगी, उत्तराखंड तक झमाझम

*मानसून ने छत्तीसगढ़ में दस्तक दे दी है, लेकिन भारी बारिश के लिए अभी इंतजार करना होगा। फिलहाल प्रदेश में कहीं-कहीं मध्यम और हल्की बारिश के आसार हैं। इधर, मानसून गुरुवार को देश के उत्तरी राज्यों में दाखिल हो गया। दिल्ली में पहली बारिश के बाद लोगों को थोड़ी राहत मिली है, वहीं उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को मानसून ने पूरी तरह कवर कर लिया है।*

- मौसम हुआ कूल-कूल, देश के उत्तरी राज्यों में झूमता आया मानसून
- दिल्ली में बारिश के बाद लोगों को मिली थोड़ी राहत
- गुजरात और राजस्थान की ओर आगे बढ़ा मानसून



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मानसून अब तक देश के आधे से अधिक राज्यों में पहुंच चुका है। स्काईमेट एजेंसी के मुताबिक, इस हफ्ते के अंत तक यानी 29-30 जून तक मानसून के दिल्ली पहुंचने का अनुमान है। दिल्ली में आमतौर पर मानसून की एंट्री 27 से 29 जून के बीच होती है। इस बीच, राष्ट्रीय राजधानी के कई हिस्सों में गुरुवार को भारी बारिश हुई, जिससे दिल्लीवासियों को गर्मी से राहत मिली। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि दिल्ली में गुरुवार को न्यूनतम तापमान 28.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आईएमडी ने सुबह साढ़े नौ बजे जारी की गई अधिसूचना में कहा कि दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और आसपास के इलाकों में हल्की से तेज बारिश होने, कुछ स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है।

### छग समेत 21 राज्यों में अलर्ट

मौसम विभाग ने 21 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इनमें उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड, गुजरात, महाराष्ट्र शामिल हैं। तमिलनाडु, गोवा, कर्नाटक, केरल, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असम, मेघालय, अरुणाचल, नगालैंड, मिजोरम और त्रिपुरा में भी बारिश का अलर्ट है।

### राजस्थान में भी गिरा पारा

राजस्थान के कई हिस्सों में मानसून की सक्रियता से तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट हुई है। जैसलमेर में तापमान 41.4 डिग्री सेल्सियस, बाड़मेर में 39.4 डिग्री सेल्सियस, बीकानेर में 39 डिग्री सेल्सियस, फलोदी में 38.4 डिग्री सेल्सियस, गंगानगर में 38.3 डिग्री सेल्सियस और अन्य प्रमुख स्थानों पर अधिकतम तापमान 38 -32.1 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। विभाग के मुताबिक बीती रात अधिकतर हिस्सों में (न्यूनतम) तापमान 32 डिग्री सेल्सियस से लेकर 18.4 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा।



### भारी बारिश के बाद असम में बाढ़

असम के डिब्रूगढ़ शहर में भारी बारिश के बाद अधिकतर सड़कों पर पानी भर गया। ब्रह्मपुत्र नदी के तट पर स्थित डिब्रूगढ़ में अनियोजित जल निकासी व्यवस्था के कारण उन्हें दशकों से बाढ़ और जलभराव का सामना करना पड़ रहा है। डिब्रूगढ़ निवासी परिमल बानिक ने कहा, लचर जल निकासी व्यवस्था के कारण जलभराव की समस्या होती है। हालांकि संबंधित विभाग हर वार्ड में सड़कें बनाता है, लेकिन वह इन सड़कों के पास नालियों की खुदाई करने से बचते हैं।

### कर्नाटक में 24 घंटे में छह की मौत

कर्नाटक के मंगलुरु जिले में भारी वर्षा के बीच बिजली का तार टूटकर सड़क पर गिरने के बाद उसके संपर्क में आकर दो ऑटो चालकों की करंट लगने से मौत हो गई। मंगलुरु में पिछले 24 घंटों में वर्षाजनित घटनाओं में अब तक छह लोगों की मौत हो गई है। जान गंवाने वालों की पहचान हसन जिले के अल्लूरु निवासी राजू गौड़ा (50) और दक्षिण कन्नड़ जिले के पुत्तूर निवासी देवराज गौड़ा (46) के रूप में हुई है।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने कुर्क की पांच आतंकवादियों की संपत्ति

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में पांच आतंकवादियों की एक करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की है। ये सभी पाकिस्तान से आतंकवादियों को दिशा-निर्देश देने में लिप्त हैं। इन आतंकवादियों की पहचान बशीर अहमद गनी, मेहराजुद्दीन लोन, गुलाम मोहम्मद याटू, अब्दुल रहमान भट और अब्दुल राशिद लोन के रूप में हुई है।



### पोर्ट ब्लेयर में नौका में लगी आग

**पोर्ट ब्लेयर।** फीनिक्स खाड़ी में मरीन डॉकयार्ड में मरम्मत के काम में लगी नौका में आग लग गई। 'एमवी पिलोभाबी' में लगी आग को बुझाने के लिए दमकल के छह वाहनों को काम पर लगाया गया। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। हमें दोपहर करीब 12.40 बजे घटना के बारे में सूचना मिली। हमारे कर्मी तत्काल मौके पर पहुंचे और 15 मिनट में हालात पर काबू पा लिया।



### आंध्र में चार माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

**पाडेरु।** प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के चार सदस्यों ने अल्लूरी सीताराम राजू जिले में पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। टी साईराम, वी किरण, टी रमेश और के बाबूराव गलीकोंडा दलम (विंग) से संबंधित हैं। आज, प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) पार्टी के गलीकोंडा दलम के चार मिलिशिया सदस्यों ने आत्मसमर्पण कर दिया।



### महिला पर पायलट से दुर्व्यवहार का केस

**मुंबई।** वाराणसी से मुंबई जा रही विमानन कंपनी 'इंडिगो' की उड़ान-5292 की एक महिला यात्री के खिलाफ सीट बदलने को लेकर चालक दल के साथ दुर्व्यवहार करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। घटना सोमवार की है। विमान ने 175 यात्रियों के साथ वाराणसी से 29 मिनट के विलंब से उड़ान भरी थी। सीट नंबर- 9 पर बैठी महिला ने सीट बदलने के लिए कहा लेकिन जब चालक दल ने महिला को सीट नंबर-15 पर जाने के लिए कहा तो उसने मना कर दिया।

## टी20 वर्ल्ड कप

## भारत की फाइनल में एंट्री इंग्लैंड को 68 रन से रौंदा

एजेंसी ⏭ गयाना

टी20 वर्ल्ड कप 2024 के दूसरे सेमीफाइनल में भारत ने इंग्लैंड को 68 रन से हराया। गयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में खेले गए इस मैच में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 171 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड टीम 20 गेंद शेष रहते 103 रन पर सिमट गई।

रोहित शर्मा ने सूर्यकुमार यादव के साथ मिलकर पारी को संभाला। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 73 रन जोड़े। रोहित शर्मा ने 39 गेंदों पर 57 और सूर्यकुमार यादव ने 36 गेंदों पर 47 रन बनाए। उनके अलावा हार्दिक पांड्या ने 23 और अक्षर पटेल ने 10 रन बनाए। शिवम दुबे का खाता नहीं खुला। रवींद्र जडेजा 17 और अर्शदीप सिंह 1 रन बनाकर नाबाद रहे।

### द.अफ्रीका से कल होगा मुकाबला



### तीसरी बार फाइनल में पहुंची भारतीय टीम

भारतीय टीम इसके साथ ही टीम तीसरी बार फाइनल में पहुंच गई है। फाइनल में भारतीय टीम का सामना साउथ अफ्रीका से होगा। यह मैच 29 जून को खेला जाएगा।

**सरकारी अस्पताल का मामला**

## ऑपरेशन के बदले मांगे पैसे सिविल सर्जन निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सरकारी अस्पताल में मरीजों से ऑपरेशन के बदले पैसे मांगने के आरोप में एक सिविल सर्जन को निलंबित कर दिया गया है। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा इस संदर्भ में आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार, कोरिया जिले के अंतर्गत जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर में एक मरीज ⏭ शेष पेज 4 पर

- मरीज के इलाज में लापरवाही का आरोप, लोक स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया आदेश

### निलंबन के दौरान यहां रहेंगे

निलंबन अवधि में डॉ.राजेन्द्र बंसारिया का मुख्यालय कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक, सरगुजा संभाग, अंबिकापुर निर्धारित किया गया है। सक्षम अधिकारी की अनुमति एवं पूर्व स्वीकृति के बिना मुख्यालय नहीं छोड़ने के निर्देश दिए गए हैं।

**सुरक्षाबलों ने बनाया बहुस्तरीय सुरक्षा घेरा**

## अमरनाथ यात्रा कल से, जम्मू से रवाना होगा पहला जत्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर में पवित्र अमरनाथ यात्रा 29 जून से यात्रा शुरू होगी। श्रद्धालुओं का पहला जत्था शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यहां भगवती नगर यात्री निवास आधार शिविर से सुबह बालटाल और पहलगाम के लिए रवाना होगा। इससे पहले जम्मू के सरस्वती धाम में बुधवार से तत्काल रजिस्ट्रेशन के लिए टोकन जारी होना शुरू हो गए हैं। जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने तीर्थयात्रियों की सुचारू यात्रा के लिए व्यापक व्यवस्था की है। सुरक्षा में किसी तरह की कोई चूक न हो।

### श्रीनगर हाईवे पर लागू होगा यात्रा प्रतिबंध

अमरनाथ यात्रा के लिए जम्मू-कश्मीर यातायात पुलिस ने गुरुवार से यातायात प्रतिबंध लगा दिया है। यह प्रतिबंध प्रतिबंध 28 जून से 19 अगस्त के बीच लागू रहेंगे। जम्मू पर्यटन विभाग ने दर्शनीय स्थलों की यात्रा की भी व्यवस्था की है। पर्यटकों और यात्रियों सहित आम लोगों से निर्देशों का सख्ती से पालन करने का आग्रह किया है।



### सेना ने बनाई त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था

जम्मू में अमरनाथ आधार शिविर के आसपास त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था है। इसका पूरा जिम्मा जम्मू-कश्मीर पुलिस की सुरक्षा शाखा संभाल रही है। सुरक्षाबल व्यापक रूप से तलाशी अभियान भी चला रहे हैं। जम्मू शहर में ठहरने की जगहों और पंजीकरण केंद्रों पर भी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। गुफा मंदिर की ओर जाने वाली सड़क को उन्नत किया गया है।

### परिंदा भी पर नहीं मार सकता

अमरनाथ यात्रा में आतंकी खतरे को देखते हुए इस साल, प्रशासन और सुरक्षा बलों ने तीर्थयात्रा के सुचारू संचालन के लिए विशेष त्रिस्तरीय सुरक्षा ग्रिड की व्यवस्था की है। राष्ट्रीय राजमार्ग, गुफा मार्गों और आधार शिविरों पर सैनिकों की पर्याप्त तैनाती के अलावा, निगरानी बनाए रखने के लिए तकनीक का अधिकतम उपयोग भी किया जा रहा है।




## चिंतन

# अभिभाषण में सरकार का भविष्योन्मुख दृष्टिकोण

मोदी 3.0 सरकार के पहले संसद सत्र के संयुक्त सदन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण में वो तेवर व क्लेवर नहीं दिखे, जिसकी देश को जरूरत है। संयम, संतुलन और रटे-रटाए अवधारणा का पुट अधिक दिखा। चुनावी वर्ष होने के नाते बीते छह माह के दौरान सरकार की आर्थिक व प्रशासनिक गति सुस्त रही है, कई बड़े फैसले बाट जोह रहे हैं, आर्थिक सुधार के अगले चरण की प्रतीक्षा है, महंगाई को लेकर चिंता बरकरार है, रोजगार सृजन की गति मंद है, ऐसे में अभिभाषण में नई सरकार के व्यापक रोडमैप की उम्मीद थी। इन सबके लिए शायद बजट तक प्रतीक्षा करनी पड़े। चूंकि अभिभाषण सरकार का विकास योजनाओं व भविष्य की योजनाओं का दृष्टिकोण होता है, इसलिए आशाएं अधिक थीं। यूं तो राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने अभिभाषण में सरकार के सभी संकल्पों, दिशाओं और लक्ष्यों को समेटने का प्रयास किया है, लेकिन किसी क्रांतिकारी-परिवर्तनकारी ध्येय का जिक्र नहीं किया है। 18वीं लोकसभा के पहले संसद के चौथे दिन राष्ट्रपति का अभिभाषण करीब 50 मिनट चला, जिसमें उन्होंने सरकार के लगभग हर मुद्दे पर बात की। नीट विवाद परीक्षा रद व पेपर लीक को लेकर सरकार विपक्ष के निशाने पर है, इसलिए अभिभाषण में पेपर लीक घटनाओं की जांच करने, पेपर लीक करने वालों को कड़ी सजा सुनिश्चित करने, परीक्षा प्रणाली में सुधार लाने व नया कानून लागू करने की बात प्रमुखता से कही गई है। विपक्ष ने 'संविधान खतरे में है' के नैरेटिव के साथ भाजपा के खिलाफ चुनाव में कैंपेन किया था, सांसदों के शपथग्रहण के दौरान भी राहुल गांधी व अखिलेश यादव समेत अनेक विपक्षी सांसदों ने संविधान की प्रति हाथ में लेकर शपथ ली है, इसके काउंटर के लिए अभिभाषण में सरकार ने कांग्रेस द्वारा देश पर थोपे गए आपातकाल को काला अध्याय बता कर कांग्रेस को एहसास दिलाया है कि पूर्व में कांग्रेस सरकर के दौरान ही आपातकाल के रूप में संविधान की धज्जियां उड़ी थी। एक दिन पहले लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव के बाद सदन में आपातकाल को लेकर निंदा प्रस्ताव पास किया गया। सरकार की रणनीतियों से तय है कि अगर कांग्रेस भाजपा को झूठे व भ्रमित नैरेटिव संविधान खतरे में बता कर घेरेगी, तो भाजपा भी कांग्रेस को आपातकाल की याद दिलाती रहेगी। राष्ट्रपति के अभिभाषण के जरिये नई सरकार ने अग्निवीर का जिक्र किए बिना सेना में सुधार व सेना को आत्मनिर्भर बनाने की अपी तैयारियां बताईं। जब नॉर्थ-ईस्ट में शांति के लिए सरकार के प्रयासों का जिक्र किया गया, तब विपक्ष ने मणिपुर के हालात को लेकर शोर-शराबा किया। अभिभाषण में महिलाओं, युवाओं, किसानों, गरीबों के कल्याण करने के बारे में बात हुई, चुनाव आयोग की तारीफ की गई, जीएसटी को अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए मील का पत्थर बताया गया, कश्मीर में मतदान के रिकॉर्ड टूटने को घाटी का दुश्मनों को करारा जवाब कहा गया, प्राकृतिक खेती और उत्पादों की आपूर्ति श्रृंखला को सशक्त बनाने की बात कही गई, बुलेट ट्रेन, गरीबी उन्मूलन व 'एक्ट ईस्ट' नीति के तहत रणनीतिक 'गेटवे' बनाने का काम का जिक्र किया गया। सरकार की ओर से आगामी बजट में बड़े सुधारात्मक फैसले की उम्मीद जगाई गई है। अभिभाषण में विपक्ष को हर वक्त हंगामा को लेकर आईना भी दिखाया है कि नीतियों का विरोध और संसदीय कामकाज का विरोध अलग-अलग बातें हैं। दुष्प्रचार की चुनौती से निपटने के लिए नए रास्ते खोजने की जरूरत है। इस अभिभाषण में सरकार का विजनरी रोडमैप है, लेकिन यह और बेहतर हो सकता था। देश में पुलिस सुधार, प्रशासनिक, न्यायिक सुधार, राजनीतिक व चुनावी सुधार लंबित हैं, आर्थिक सुधार के नेक्स्ट स्टेप की जरूरत है, इन सब मुद्दों पर अभिभाषण चुप है।

## मिसाल

डॉ. महेश परिमल



# मिथक तोड़ती बेटियां

हाल ही में उत्तर प्रदेश के कानपुर में एक अनोखी घटना हुई। बीएसएनएल से सेवानिवृत्त हुए अनिल कुमार अपनी बेटी को उसके ससुराल से बैंड-बाजे के साथ घर लाए। उनका मानना था कि मैंने जिस तरह से बेटी को सम्मान के साथ उसके ससुराल भेजा है, तो अब उसे ससुराल से हमेशा-हमेशा के लिए अपने घर लाने के लिए भी उतना ही सम्मान दूंगा। हुआ यूं कि अनिल कुमार की बेटी उर्वी की शादी 8 साल पहले कंप्यूटर इंजीनियर के साथ हुई थी। ससुराल में उर्वी को सम्मान नहीं मिला। दहेज के कारण उसे प्रताड़ित किया जाता था। 8 साल तक बिटिया ने यह अपमान सहा। जब सहन नहीं हुआ, तो उसने माता-पिता से गुहार लगाई कि उसे अब मायके बुला लिया जाए। इससे पिता ने यह अनुकरणीय उदाहरण पेश करते हुए उसे ससम्मान घर वापसी कराई। हमारे समाज में बेटी यदि अपने ससुराल से मायके आ जाए, तो लोग उसे सम्मान की दृष्टि से नहीं देखते। बेटी ने अपने ससुराल में किस तरह के ताने और प्रताड़ना सही होगी, यह जानने की कोशिश माता-पिता के अलावा और कोई नहीं करता। आखिर बेटी को भी सम्मान से जीने का हक है। उसने ससुराल की प्रताड़ना के खिलाफ आवाज उठाकर कोई अपराध नहीं किया है। वह भी अपनी तरह से जीना चाहती है। बेटी को भी बेटे की तरह जीने का अधिकार होना चाहिए, यह बात समाज के लोग अक्सर करते हैं, पर जब उसे अमल में लाने की बात आती है, तो सभी परंपराओं की दुहाई देने लगते हैं। आजकल तलाकशुदा बेटी का जीवन बहुत ही ज्यादा दुश्वार हो गया है। वह भी अपने तरीके से जीवन जीना चाहती है। उस पर जीवन थोपा नहीं जा सकता। ससुराल में यदि उसे प्रताड़ना मिलती है, तो फिर माता-पिता के अलावा उसका कौन है? बेटी का घर आना माता-पिता के लिए दुःखों का पहाड़ टूटना ही समझा जाता है। शुरुआत में माता-पिता काफी कोशिशें करते हैं कि बेटी का घर बस जाए। बात नहीं बनने पर वे अपनी बेटी को घर बुलाने के लिए मानसिक रूप से तैयार हो जाते हैं। बेटी को ससुराल में प्रताड़ना देने का रिवाज शिक्षित वर्ग में ही अधिक देखा जाता है। तलाक भी शिक्षित वर्ग में ही अधिक होते हैं। आखिर ऐसी शिक्षा का क्या महत्व, जो विवाह को स्थायित्व देने का काम न करती हो। समाज का एक वर्ग ऐसा भी है, जो विवाह के टूटने की बाट जोहता रहता है, विवाह टूटने के बाद वह उसका आनंद लेने लगता है। विवाह टूटने के मामले में आजकल के युवा एवं उसके माता-पिता अधिक जवाबदार माने जाते हैं। कई मामलों में बेटी के माता-पिता यह मानते हैं कि ससुराल में बेटी जिस तरह से रोज-रोज मर रही है, उससे अच्छा यही है कि उसकी घर वापसी कर दी जाए, ताकि वह स्वाभिमान के साथ अपना जीवन जी सके। आखिर बिटिया कब तक लाचारी का जीवन जिएगी? लाचारी से भरा जीवन जीने से अच्छा यही है कि वह तलाक लेकर अपने माता-पिता के घर आ जाए। इन दिनों समाज में एक नई परंपरा देखने को मिल रही है। जिस तरह से बेटे को अपना जीवन जीने का हक है, उसी तरह बेटी को भी है। बेटी और बेटे के बीच किसी तरह का भेदभाव नहीं होना चाहिए। कौन सच्चा और कौन झूठा है, इसे समझने में बरसों लग जाते हैं, इसलिए यही अच्छा है कि बेटी घर ही आ जाए। बेटी घर की इज्जत है, यह सूत्रवाक्य आज हमारे समाज में अमल में लाया जाता है, पर बेटी के भी अपने सपने होते हैं, वह भी खुलकर जीना चाहती है। आखिर अपनी इच्छाओं को मारकर कब तक जिया जाए? इसलिए कानपुर के अनिल कुमार ने एक नई परंपरा की शुरुआत कर समाज को दिशा देने की कोशिश की है। अनिल कुमार जैसी सोच बहुत कम लोगों की होती है। उन्होंने समझ लिया था कि बेटी को ससम्मान घर लाकर वे समाज के सवालों का जवाब नहीं दे पाएंगे, पर समाज को भी सोचना चाहिए कि कौन माता-पिता ऐसे होंगे, जो अपनी बेटी को उसके हाल पर छोड़ देना चाहते हैं। धनलिप्सा के कारण ससुराल वाले बेटी को बरसों से प्रताड़ित ही कर रहे हैं। आखिर इस कुप्रथा को खत्म करने की कोशिश भी तो होनी चाहिए। बेटी को नई जिंदगी देने के लिए माता-पिता का यह प्रयास आज भले ही अनुकरणीय न लगे, पर भविष्य में इसे सही मान लिया जाएगा, यह तय है। अब समाज को भी सारे मिथकों से दूर होना होगा। बेटी को लेकर गढ़े गए तमाम सूत्रवाक्यों को नई सिरे से पारिभाषित करना होगा। बेटी को भी जीने का हक है, इसे समझते हुए ही अनिल ने जो किया, उसे नमन करना चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



शपथ ग्रहण

प्रभुनाथ शुक्ल

# संसद की गरिमा बनाए रखना जरूरी

शपथ ग्रहण समारोह चाहे जिस भाषा में हो लेकिन देश, संविधान और संसद की गरिमा का सम्मान आवश्यक है। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान जिस तरह हमारे माननीयों ने जिंदाबाद की संस्कृति का ईजाद किया वह पूरी तरह संसद की संस्कृति, संस्कार, विधान, व्यवस्था, गरिमा और मर्यादा के खिलाफ है। पुराने और कई वरिष्ठ सांसदों को छोड़ दिया जाए तो अधिकांश माननीयों ने संसद और लोकतंत्र के प्रति जिम्मेदारी नहीं दिखाई। देश के मीडिया में शपथ ग्रहण समारोह की खूब चर्चा है। शपथ ग्रहण के लिए भी एक विशेष गाइडलाइन बननी चाहिए, जिसमें कोई भी निर्वाचित सांसद क्षेत्रवाद, धर्म-जाति, भाषा का नारा बुलंद नहीं कर सकता।

आप माननीय हैं। आप संविधान, विधान और व्यवस्था से ऊपर नहीं हैं। आपको न संसद की गरिमा का मान है न देश के गौरव का। शपथ ग्रहण में जिस तरह आपने अपने माननीय होने का परिचय दिया, वह हमारी संसदीय व्यवस्था का कभी हिस्सा नहीं हो सकता। आप अपनी हरकतों से खुद को भले गौरवान्वित महसूस कर रहे हों, लेकिन देश और लोकतंत्र शर्मसार है। आप के हाथों में संविधान की किताबें भले हों, लेकिन आपका व्यवहार संविधान की चौखट लांघता दिखा। 18वीं लोकसभा में 535 माननीय सांसदों ने शपथ ली, लेकिन किसी ने अपनी अमिट छाप नहीं छोड़ी। कुछ पुराने एवं वरिष्ठ माननीयों को छोड़कर। शपथ ग्रहण समारोह में जिस तरह की छवि हमारे माननीयों की उभर कर आई है वह अपने आप में शर्मसार करती है। देश की आत्मा कहीं से भी झलकती हुई नहीं दिखी। अनेकता में एकता की कोई गंध और सुगंध नई आई। सत्ता और विपक्ष पूरी तरह से विभाजित दिखा।

माननीय सांसद देश, संविधान और संसद की व्यवस्था को ताक पर रखकर अपने-अपने राजनीतिक स्वार्थ, जातिवाद, धर्मवाद, क्षेत्रवाद और भाषावाद के अहम में टूटते और बिखरते दिखे। इस समारोह में देश की खूबसूरती हाशिये पर रही,जबकि क्षेत्रवाद, जाति और धर्म शीर्ष पर दिखा। यह अपने आप में विचारणीय बिंदू है। हम देश को किस तरफ ले जा रहे हैं। देश की जनता ने जिन लोगों को चुनकर भेजा है उसे आप क्या संदेश देना चाहते हैं यह अपने आप में विचरणीय प्रश्न है। इस पर विस्तृत विमर्श की जरूरत है। हम वोटबैंक और सत्ता के लालच में वैचारिक विभाजन के जरिये सामाजिक अलगाववाद की तरह बढ़ रहे हैं। अब इससे बड़ी हमारी सोच क्या हो सकती है कि हमने देश के खिलाफ साजिश रचने वालों को चुनकर संसद भेज दिया है, जबकि चुनाव जीतने वाले जेल में बंद होने की वजह से शपथ भी नहीं ले पाए। यह क्षेत्रवाद का ही जहर है। फिर राष्ट्रीय एकता की बात कहां से कर सकते हैं।

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) हैदराबाद का प्रतिनिधित्व कर रहे असदुद्दीन ओवैसी ने जिस तरह संसद की गरिमा और व्यवस्था को तार-तार किया वह अपने आप में काबिलेगौर है। भारतमाता और संविधान की जय बोलने के बजाय जय भीम, जय मीम, जय तेलंगाना और जय फिलिस्तीन का नारा बुलंद किया। ओवैसी को सिर्फ एक क्षेत्र विशेष से प्रतिनिधित्व की जिम्मेदारी मिली है, लेकिन वह खुद को सरकार मान बैठे हैं। देश की नीति तय करने का अधिकार उन्हें किसने दिया। फिलिस्तीन-इजरायल, रूस-यूक्रेन के प्रति हमारी नीति क्या होगी यह सार्वभौमिक संसद और सरकार तय करेगी। निश्चित रूप ओवैसी की तरफ से दिया गया बयान बेहद घटिया और संसद की गरिमा के खिलाफ है। उनकी संसद सदस्यता खत्म करने के लिए राष्ट्रपति को जो पत्र दिए गए हैं उस पर गंभीरता से विचार होना चाहिए। संसद में प्रतिपक्ष के नेता निर्वाचित हुए राहुल गांधी हाथ में संविधान लेकर शपथ ग्रहण करने पहुंचे। उन्होंने अपनी शपथ अंग्रेजी में ली और शपथ ग्रहण के बाद जय



संविधान का नारा लगाया। यह उनकी बचकानी हरकतें हैं। वह पुराने सदस्य हैं उन्हें राजनीतिक स्टंट से दूर रहना चाहिए। अपने गंभीर व्यक्तित्व का परिचय देना चाहिए, उस स्थिति में जब वे विपक्ष के नेता चुने जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश की नगीना सीट से पहली बार विजयी हुए चंद्रशेखर आजाद रावण ने एक साथ कई नारे बुलंद किए जिसमें नमो बुद्धाय, जय भीम, जय भारत, जय संविधान, जय मंडल, जय जवान, जय किसान, भारतीय लोकतंत्र जिंदाबाद, भारत की महान जनता जिंदाबाद के नारे लगाए। इससे भी सत्ता और विपक्ष के सांसदों के बीच नोकझोंक हुई। रावण बसपा यानी मायावती को कमजोर होता देख दलितों को खुद का मसीहा दिखाने के लिए तेवरदार राजनीति का नैरेटिव गढ़ रहे हैं। उनकी राजनीति वोटबैंक के लिए अच्छी हो सकती है, लेकिन समाज और व्यवस्था के लिए बिल्कुल नहीं।

शपथ ग्रहण के दौरान भाजपा सांसदों ने धार्मिक नारों का उपयोग किया। बरेली सीट से भाजपा सांसद छत्रपाल गंगवार ने जहां जय हिंदू राष्ट्र का नारा दिया। वहीं मेरठ से टीवी सीरियल रामायण में राम की भूमिका निभाने वाले अरुण गोविल जय श्रीराम का जयघोष किया। विपक्ष ने दोनों सांसदों के नारे का प्रबल विरोध किया। अरुण गोविल के जय श्री राम नारे के विरोध में समाजवादी पार्टी के सांसदों ने जय अवधेश नारा बुलंद किया, क्योंकि अयोध्या की फैजाबाद सीट से अवधेश कुमार निर्वाचित हुए हैं। इस सीट पर बीजेपी की हार को लेकर गंभीर चर्चा हो रही है और अयोध्या के लोगों पर सोशल मीडिया पर टिप्पणियां की जा रही हैं, जबकि मथुरा से भाजपा सांसद हेमा मालिनी ने शपथ ग्रहण के बाद राधे-राधे कर लोगों का अभिवादन किया। क्योंकि वह मथुरा से चुनकर आती हैं और मथुरा भगवान कृष्ण से जड़ा है। शपथ ग्रहण समारोह में सांसदों के व्यवहार और नारेबाजी को लेकर ऐसा लग रहा था जैसे नव निर्वाचित माननीयों में नारे लगाने की होड़ चल रही हो। इस नारेबाजी की होड़ में कोई पिछड़ना नहीं चाह रहा था। डीएमके सांसदों ने उदय नीति स्टालिन जिन्दाबाद के नारे लगाए, जबकि गाजियाबाद से निर्वाचित भाजपा सांसद अतुल गर्ग ने अटल बिहारी और नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगाए। इसके बाद उन्होंने डॉ. हेडगेवार जिंदाबाद के भी नारे लगाए। पूर्वांचल की भदोही लोकसभा सीट से निर्वाचित सांसद डॉ विनोद बिंद ने जय बिंद, समाज, जय निषाद जैसे जातिवादी नारों का प्रयोग किया। देवरिया से संसद पहुंचे शशांक मणि ने अपने अंतिम उद्बोधन में जय देवरिया का नारा लगाया। देश के विभिन्न हिस्सों से चुनकर आए माननीय सांसदों का व्यवहार संसद के प्रति कितना उत्तरदायी था यह कहना बड़ा मुश्किल है। पुराने और कई वरिष्ठ सांसदों को छोड़ दिया जाए तो अधिकांश माननीयों ने शपथ ग्रहण के दौरान संसद और लोकतंत्र के प्रति कोई जिम्मेदारी नहीं दिखाई। देश के मीडिया में शपथ ग्रहण समारोह की खूब चर्चा है। अब वक्त आ गया है जब शपथ ग्रहण के लिए भी एक विशेष गाइडलाइन बननी चाहिए, जिसमें कोई भी निर्वाचित सांसद क्षेत्रवाद, धर्म-जाति, भाषा का नारा बुलंद नहीं कर सकता।

शपथ ग्रहण समारोह चाहे जिस भाषा में हो लेकिन देश, संविधान और संसद की गरिमा का सम्मान आवश्यक है। अगर जिंदाबाद करना है तो सिर्फ भारत माता और संविधान की करिये। सत्ता हो या विपक्ष सभी को इस मर्यादा का ख्याल रखना चाहिए। सरकार को आगे आकर मानसून सत्र में इस पर गंभीर चर्चा करानी चाहिए। विपक्ष को इस पर सहयोग करना चाहिए, क्योंकि यह सवाल सिर्फ सत्ता-विपक्ष का नहीं बल्कि देश, संसद और लोकतंत्र की गरिमा का है। शपथ ग्रहण समारोह के लिए एक विशेष नियम और कानून की व्यवस्था होनी चाहिए। जिस तरह हमारे माननीयों ने जिंदाबाद की संस्कृति का ईजाद किया वह पूरी तरह संसद की संस्कृति, संस्कार, विधान, व्यवस्था, गरिमा और मर्यादा के खिलाफ है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# रिलेशनशिप को रखना है स्ट्रांग



संकलित

## दर्शन

किसी संबंध का आरंभ आकर्षण से होता है। यदि आप आसानी से उसे प्राप्त कर लेते हैं, तो आकर्षण समाप्त हो जाता है। किंतु यदि प्राप्ति में बाधा उत्पन्न होती है तो उसके प्रति प्रेम का जन्म होता है। जब आप प्रेम का अनुभव करते हैं तो कुछ समय के पश्चात मांग उठती है। जब आप मांगना शुरू करते हैं, तो प्रेम घट जाता है। मांग प्रेम को नष्ट कर देती है। आनंद दूर हो जाता है, तो आप कहते हैं, 'ओह, मैंने यह संबंध बनाकर भूल की है।' फिर उससे बाहर निकलने के लिए संघर्ष और पीड़ा से गुजरना पड़ता है। इससे बाहर निकलने के बाद आप एक अन्य संबंध बनाते हैं, और वही कहानी दोहराई जाती है। किसी भी संबंध को बनाए रखने में तीन बातें आवश्यक हैं : समुचित धारणा, समुचित अवलोकन और समुचित अभिव्यक्ति। अक्सर लोग कहते हैं कि कोई भी उन्हें नहीं समझता है। कोई भी मुझे नहीं समझता है, ऐसा कहने के बजाय आप कह सकते हैं कि मैं स्वयं को ठीक से व्यक्त नहीं कर पाता हूं। यदि आप एक स्पेनिश व्यक्ति से रूसी भाषा बोलते हैं, तो वह निश्चित रूप से नहीं समझेगा। सही धारणा तब हो सकती है, जब आप स्वयं को दूसरे व्यक्ति के दृष्टिकोण से देखते हैं। सही धारणा, फिर सही अवलोकन। आपकी धारणा समुचित हो सकती है, लेकिन आप प्रतिक्रिया किस प्रकार देते हैं? आप अपने भीतर कैसा अनुभव करते हैं? अपने स्वयं के मन का निरीक्षण करना दूसरा महत्वपूर्ण पहलू है। आपके भीतर संवेदना तथा प्रवृत्तियों के अवलोकन के साथ संस्कारों का अवलोकन भी आवश्यक है।

# अच्छे कार्य करने से गुरु शिष्य को कभी न रोके



संकलित

## प्रेरणा

दैत्यों के गुरु शुक्राचार्य बताए गए हैं। भगवान शिव ने शुक्राचार्य को मृत संजीवन विद्या दी थी। इस विद्या से शुक्राचार्य मरे हुए दैत्यों को फिर से जीवित कर देते थे। जब दैत्यराज बलि का राज था। तब एक दिन भगवान विष्णु ने वामन अवतार लिया और बलि के पास पहुंचे। बलि अपनी दानवीरता की वजह से बहुत प्रसिद्ध थे। वे किसी भी मांगने वाले को खाली हाथ नहीं जाने देते थे। राजा बलि उस समय यज्ञ कर रहे थे। बलि ने वामन देव को देखा तो वह उनके पास पहुंचा। वामन देव ने राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांगी। शुक्राचार्य वामन देव को पहचान गए थे कि ये विष्णु जी हैं। इसलिए उन्होंने बलि को दान देने से रोकना चाहा। राजा बलि ने अपने गुरु की बात नहीं मानी और वामन देव को दान देने के लिए तैयार हो गए। तब शुक्राचार्य राजा बलि के कमंडल में सूक्ष्म रूप में बैठ गए, जिससे की पानी बाहर न आए और राजा बलि भूमि दान करने का संकल्प न ले सकें। वामन भगवान जानते थे कि शुक्राचार्य बलि के कमंडल में बैठे हैं। उन्होंने बलि के कमंडल में एक तिनका डाल दिया, जिससे शुक्राचार्य की एक आंख फूट गई। इसके बाद शुक्राचार्य कमंडल से बाहर आ गए और बलि ने वामन देव को भूमि दान दे दी। अगर कोई गुरु अपने शिष्य को नेक काम करने से रोकता है तो उसे इसका बुरा फल भोगना पड़ता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### ड्रोन से की जाए वनों की निगरानी

हर वर्ष गर्मियों में देश के कुछ वन संपदा के धनी राज्यों में जंगलों में भयंकर आग लगने की खबरें पढ़ने, सुनने और देखने को मिलती हैं। आग किसी भी कारण से जंगलों में लगती है, यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। कुछ लोग गर्मियों के दिनों में बेकार की घास-फूस को जलाने के लिए जंगलों या खेतों में आग लगा देते हैं, जिससे उसी फालतू की घास-फूस के साथ ही सैकड़ों वृक्ष भी आग की बलि चढ़ जाते हैं, जो कि प्रकृति से खिलवाड़ है और हरी-भरी वादियों के लिए अच्छे संकेत नहीं है। लोग इस बात का ध्यान रखें कि यह आग खेतों के साथ लगते जंगलों में न फैले। जब हरे-भरे जंगल नष्ट हो जाते हैं तो कई हिंसक जंगली जानवरों के रिहायशी इलाकों में आ जाने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। वन विभाग को चाहिए कि इस तरह की घटनाओं पर ड्रोन के जरिए निगरानी रखे। *– शेखर मेहता, कांकेर*

## ट्रेंड

### मेरा युवा भारत अभियान



विकसित भारत के निर्माण में होगी युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित। सरकार ने युवाओं की राष्ट्र निर्माण में भागीदारी और बढ़ाने के लिए 'मेरा युवा भारत' अभियान की शुरुआत की है। इसमें अब तक डेढ़ करोड़ से अधिक युवाओं का पंजीकरण हो चुका है।

**-मनसुख मंडाविया, केंद्रीय मंत्री**

### वास्तविक प्रकृति को जानें



एआई हमें प्रबुद्ध युग में मार्गदर्शन नहीं कर सकता। केवल ब्रह्मांडीय बुद्धिमत्ता और स्व की पहचान ही ऐसा कर सकती है। कृत्रिम, रासायनिक, यांत्रिक या मात्रात्मक हर चीज से परे शुद्ध चेतना के रूप में वास्तविक प्रकृति को जानें जो मन की रचनाएं हैं।

**-डॉ डेविड फ्रॉली, अमेरिकी हिंदू लेखक**

### स्वाध्याय महान तप



सनातन हिन्दू वैदिक संस्कृति में स्वाध्याय महान तप है, जो हमारी जीवनचर्या का आवश्यक अंग होना चाहिए। ग्रंथों का अध्ययन वैचारिक नवीन्यता के साथ लक्ष्य की संप्राप्ति में सहायक है। अतः आत्म-सामर्थ्य के लिए सदग्रन्थों की ओर लौटें।

**-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु**

### नारे को ठुकराया



मोदी सरकार द्वारा लिखित राष्ट्रपति का अभिभाषण सुनकर ऐसा लगा जैसे मोदी जनादेश को नकारने की हर संभव कोशिश कर रहें हैं। जनादेश उनके ख़िलाफ़ था, क्योंकि देश की जनता ने 400 पार के नारे को ठुकराया।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

## करंट अफेयर

# चीन ने अध्ययन के लिए सभी देशों के वैज्ञानिकों को बुलाया

चीन के अंतरिक्ष अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को कहा कि चांद पर एक ऐतिहासिक अभियान को पूरा करने के बाद पृथ्वी पर लौटे चांग ई-6 द्वारा जुटाये गये नमूनों के अध्ययन के लिए वे दुनियाभर के वैज्ञानिकों का स्वागत करते हैं लेकिन अन्वेषण की इस प्रक्रिया में कुछ सीमाएं हैं, विशेषरूप से अमेरिका के साथ। अधिकारियों ने अभियान की उपलब्धियों के बारे में जानकारी देने के लिए बीजिंग में आयोजित एक टेलीविजन समाचार सम्मेलन में बताया कि अमेरिका के साथ किसी भी तरह का सहयोग, नासा के साथ प्रत्यक्ष द्विपक्षीय सहयोग पर प्रतिबंध लगाने वाले अमेरिकी कानून को हटाने पर निर्भर होगा। चीन के नेशनल स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन के उपाध्यक्ष बियान झिगांग ने बताया,



'अमेरिक-चीन अंतरिक्ष सहयोग में बाधा की जड़ वुल्फ संशोधन में बरकरार है।' उन्होंने कहा, 'अगर अमेरिका वास्तव में नियमित अंतरिक्ष सहयोग शुरू करना चाहता है तो मुझे लगता है कि उन्हें इस बाधा को दूर करने के लिए उचित कदम उठाने चाहिए।' वुल्फ संशोधन 2011 में प्रभावी हुआ था और यह संशोधन अमेरिका और चीन के बीच केवल उन द्विपक्षीय सहयोग को मंजूरी देता है, जिसमें एफबीआई यह प्रमाणित कर सके कि कार्य के दौरान चीनी पक्ष के साथ सूचना साझा करने से राष्ट्रीय सुरक्षा को कोई खतरा नहीं है।

## ऑफ बीट

# एक हजार और प्रजातियों पर अस्तित्व का खतरा मंडराया

अंतरराष्ट्रीय संरक्षण संगठन के मुताबिक करीब 45 हजार प्रजातियों के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है जो पिछले साल के मुकाबले एक हजार अधिक है। संगठन ने इस स्थिति के लिए जलवायु परिवर्तन, आक्रामक प्रजातियों और मानव गतिविधियों जैसे अवैध व्यापार और बुनियादी ढांचा विस्तार को जिम्मेदार ठहराया है। द इंटरनेशनल यूनियन फॉर कन्वरसेशन ऑफ नेचर (आईयूसीएन) ने बृहस्पतिवार को लुप्त होने के खतरे का सामना कर रही प्रजातियों की नवीनतम सूची जारी की। संगठन ने अपने 60वें वर्ष में जारी इस सूची में विलुप्ति के खतरे का सामना कर रहे जानवरों और पौधों के बारे में चेतावनी दी है, लेकिन साथ ही इबेरियन लिंक्स (वनबिलाव)जैसी प्रजातियों के संरक्षण में मिली सफलता पर भी प्रकाश डाला है। सूची में अब 1,63,040 प्रजातियों को शामिल किया गया है जो पिछले साल से लगभग 6,000 अधिक हैं। आईयूसीएन ने खुलासा किया कि चिली के अटाकामा तटीय रेगिस्तान में पाए जाने वाले कोपियापोआ कैक्टस, बोर्नियन हाथी और ग्रैन कैनरिया की विशालकाय छिपकली विलुप्ति के खतरे का सामना कर रही प्रजातियों में शामिल हैं। कोपियापोआ कैक्टस के विलुप्ति के कारणों में सोशल मीडिया का चलन प्रमुख है।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।


TRUE VALUE
MARUTI SUZUKI
बेचें। खरीदें। भरोसे के साथ।
True Value, pre-owned कारों को ख़रीदने और बेचने की श्रेष्ठ जगह।
TRUE VALUE
CELERIO
CERTIFIED
CELEBRATING 50 LAKH HAPPY FAMILIES
*T & C apply.
App Store
Google play
अपनी कार बेचने/खरीदनें के लिए स्कैन करें
यहाँ ऐप डाउनलोड करें।
छवियों का इस्तेमाल केवल उदाहरण मात्र है
घर पर मूल्यांकन
376 चेक पॉइंट
कीमत निर्धारण के लिए AI आधारित इंजन
1 वर्ष तक की वारंटी और 3 मुफ्त सर्विस*
विस्तृत डिजिटल मूल्यांकन
कार का जांचा-परखा इतिहास
सरल पेपरवर्क
TRUE VALUE CERTIFIED
पूछताछ के लिए, कॉल करें 1800 102 1800 | www.marutisuzukitruevalue.com/hi-in/ पर जाएं
RAIPUR: AVANTI VIHAR: SKY AUTOMOBILES: 9584465304, 9111107029 | MAHOBA BAZAR, G.E. ROAD: SKY AUTOMOBILE: 8889996586, 8889998611, 8889998605 | BHILAI: POWER HOUSE, G.E. ROAD: SPARSH AUTOMOBILES: 9926003332, 9179424485, 7089688410 | DURG BYPASS: CHOUHAN AUTOMOBILES: 7222910050, 7222910005, 7222910057 | DURG: PULGAON CHOWK: SPARSH AUTOMOBILES: 9179424485| JAGDALPUR: SKY AUTOMOBILES: 6260288613, 8889998641 | BHATAGAON: HDN MOTORS: 7909800009. SARONA: VISHWABHARTI AUTOMOBILES: 6262620109, 6262620093 | DUMERTARAI, DHAMTARI ROAD: SPARSH AUTOMOBILES: 8120001958, 9111011381.

## जैकेट के शेष

### कंधे कैसे नहीं ....

लेकर कक्षा 8वीं तक के बच्चों के बैग को तौला, जो निर्धारित वजन से कहीं अधिक मिला। पड़ताल करने पर पता चला कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत लागू की गई स्कूल बैग पॉलिसी 2020 में पहली से पांचवीं तक 1.6 से 2.5 किलो तक का ही स्कूल बैग का वजन होना चाहिए, लेकिन यहां पांच से आठ किलो तक का बोझ मिला। पूरे कोर्स की किताबों का वजन पिछले साल से 1 से 2 किलो तक अधिक निकला। प्राइवेट स्कूलों में कक्षा पहली और दूसरी में तीन विषयवार पुस्तक और तीन मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता की पुस्तकें शामिल हैं। इसी तरह तीसरी और चौथी कक्षा में चार विषयवार पुस्तक और चार एफएलएन पुस्तकें हैं, जिसका भार ही पांच किलो से अधिक है। इस लिहाज से छोटे बच्चे भी 3 से 4 किलो तक का स्कूल बैग उठा रहे हैं।

**पिछले साल से ज्यादा** : हर साल बच्चों के कंधों पर किताबों का बोझ धीरे-धीरे बढ़ता जा रहा है। जानकारी मुताबिक पिछले साल की तुलना में कक्षा 8वीं की किताब का वजन लगभग पांच किलो था, जो वर्तमान में छह किलो से अधिक हो चुका है। कक्षा पांचवी की किताब का वजन 3 से 4 किलो तक पहुंच चुका है। कक्षा छठवीं और सातवीं में भी किताब एक-एक किलो का फर्क देखने को मिला है। प्राइवेट स्कूल में चौथी कक्षा में कुल आठ पुस्तकों का बोझ बच्चे उठा रहे हैं। नियमानुसार पहली कक्षा में स्कूल बैग का वजन 1.6 किलो तक होना चाहिए। इसी तरह पांचवीं कक्षा तक अधिकतम वजन 2.5 किलो होना चाहिए, जो नए सत्र के साथ बढ़ गया है।

### कक्षा आठवीं के बच्चे उठा ....

तरह जब कक्षा पांचवीं के बच्चे का बैग तौला गया, तो वजह आठ किलो था, जबकि नियमानुसार बैग का वजन 2.5 किलो होना चाहिए था। बैग में केवल किताब और कॉपी का वजन पांच किलो तक था।

### नर्सरी में 300 से ....

देखने को मिल रहा है। ज्यादातर प्राइवेट स्कूलों में मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता, एफएलएन के दाम बढ़ा दिए गए है। कक्षा पहली में किताबें 5200 तक मिल रही हैं, तो पांचवी और आठवीं की किताबें अब पालकों को 6500 तक खरीदनी पड़ रही हैं। पिछले साल यह किताबें 4500 से 6000 तक मिलती थीं।

### एनटीए दफ्तर में ....

नजर आ रहे थे। ये सभी कार्यकर्ता लगातार नारेबाजी कर रहे थे और एनटीए पर छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ का आरोप लगा रहे थे। बता दें कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर विवादों में घिरी है। हाल में आयोजित नीट-यूजी और यूजीसी-नेट को लेकर विवादों का सामना करने वाली एजेंसी के महानिदेशक को पिछले हफ्ते हटा दिया गया और एक उच्चस्तरीय समिति इसके कामकाज की समीक्षा कर रही है।

### सीबीआई ने दो ....

कि दोनों को पटना में विशेष अदालत में पेश किया गया, जिसने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अधिकारियों ने कहा कि सीबीआई अब पूछताछ के लिए उनकी हिरासत मांगेगी। उन्होंने बताया कि आशुतोष कुमार ने कथित तौर पर पटना में 'लर्न ब्वॉयज हॉस्टल एंड प्ले स्कूल' किराए पर लिया था, जहां से बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई ने नीट-यूजी के आधे जले हुए प्रश्नपत्र बरामद किए थे।

### सुप्रीम कोर्ट ने ....

कुछ नीट अभ्यर्थियों द्वारा दाखिल नयी याचिकाओं पर एनटीए को नोटिस जारी किया तथा इन याचिकाओं पर सुनवाई लंबित मामलों के साथ आठ जुलाई के लिए निर्धारित कर दी।

### खुला सीएम का ....

के पास कुछ है नहीं, तो यही सब बोलेंगे। विपक्ष में है तो कुछ तो बोलना पड़ेगा। मुख्यमंत्री जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से प्रत्येक गुरुवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आम नागरिक से सीधे मुलाकात कर उनकी समस्याओं एवं अपेक्षाओं की सुनवाई करेंगे। जनदर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत की जाने वाली समस्याओं और अन्य आवेदनों को पंजीबद्ध करने इसके लिए एक पोर्टल भी बनाया जाएगा, ताकि सभी उससे अपडेट ले सकें। पोर्टल में दर्ज आवेदनों की मॉनिटरिंग सीधे मुख्यमंत्री करेंगे। आम जनता से मिले आवेदनों को संबंधित विभाग द्वारा समय-सीमा में निराकरण कर इसकी जानकारी आवेदक को देंगे। जनदर्शन में अवैध कब्जा, फसल खराब होने की शिकायतों के साथ ही अनियमित कर्मचारियों ने नियमितीकरण और बीएड और नर्सिंग ट्रेनिंग लेने वालों ने नौकरी की मांग मुख्यमंत्री के सामने रखी।

### सभी आवेदनों पर ....

हम हर गुरुवार को आप सभी से मिलेंगे और आपकी समस्या के समाधान की दिशा में काम करेंगे। उन्होंने कहा, जनदर्शन कार्यक्रम में आने वाले नागरिकों को टोकन दिया जाएगा। आपके आवेदनों को दर्ज किया जाएगा और कार्यवाही की जाएगी। आप सभी का हृदय से अभिनंदन।

### भारत रत्न आडवाणी ....

मूत्रविज्ञान, हृदयरोग विज्ञान और जेरिएट्रिक मेडिसिन सहित विभिन्न विशेषज्ञों ने जांच की। एम्स अस्पताल के अधिकारियों ने बताया, आडवाणी को वृद्धावस्था संबंधी बीमारियों के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालांकि आज उन्हें छुट्टी दे दी गई है।

### खड़ी ट्रेलर से ....

आ गए, जिससे दोनों की मौत हो गई।

**कंटेनर में रखी 30 स्कूटी खाक** : हादसे में कंटेनर के अंदर रखी 30 स्कूटी भी जलकर राख हो गई। कंडक्टर विनय कुमार तिवारी पिता जगदीश तिवारी (35), निवासी गबरू थाना मंगलपुर जिला कानपुर देहात और ड्राइवर अमित पिता गोरेलाल (28), निवासी भीखापुर उत्तर प्रदेश के थे।

### साइबेरियन पक्षियों की ....

पक्षियों की सुरक्षा के लिए गांव में नियम कानून बनाए हैं। इसके मुताबिक अगर कोई इन्हें नुकसान पहुंचाता है तो 10 हजार का जुर्माना लगेगा। वहीं शिकार करते या नुकसान पहुंचाते देखकर बताने वाले को 1 हजार का इनाम दिया जाएगा। हालांकि शिकार पर प्रतिबंध के बाद कई दशकों से अर्थदंड की नौबत नहीं आई है।

### गांव में मोबाइल ....

पहुंचाते हैं। खेत में कीड़ों को खा जाते हैं, जिससे फसलों में बीमारी और कीड़े नहीं लगते इनके बीट से भी फसलों के लिए काफी फायदा होता है, जो खाद का काम करता है।

# केजरीवाल सरकार को एक और झटका, एलजी ने भंग की डीडीसीडी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक और झटका लगा है। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली डायलॉग एंड डेवलपमेंट कमीशन को अस्थायी रूप से भंग करने की मंजूरी दे दी है। साथ ही, कमीशन के गैर-आधिकारिक सदस्यों को भी हटाने का आदेश दिया है। डीडीसीडी को केजरीवाल सरकार का थिंक टैंक माना जाता था। दिल्ली सरकार ने इस फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती देने की बात कही है। उपराज्यपाल ने अपने आदेश में कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने दिल्ली डायलॉग एंड डेवलपमेंट कमीशन बनाया था। उनका मकसद सिर्फ वित्तीय लाभ बढ़ाने और पक्षपातपूर्ण झुकाव वाले कुछ पसंदीदा राजनीतिक व्यक्तियों को संरक्षण देना था। इन पदों पर राजनीतिक रूप से नियुक्त व्यक्तियों को मुख्यमंत्री की इच्छा और इच्छा पर इन पदों पर बने रहने की अनुमति दी गई।


## कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर

नगर निगम मुख्यालय, रंग मंदिर के पास, गांधी चौक, छोटापारा, रायपुर (छ.ग.)
Pho. no. 0771-2535780,90 Fax. 077172227395, Email-dc_rmc@rediffmail.com

**// निविदा निरस्तीकरण सूचना//**

क्रमांक -833/भ.नि.अ.प्र./न.पा.नि./2024 रायपुर दिनांक 26/06/2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम रायपुर अंतर्गत BOO पद्धति से Revenue Sharing Model की तर्ज पर अस्थायी मॉडल वेडिग जोन का विकास एवं 5 वर्षों तक संचालन-संधारण किये जाने के एवज में विज्ञापन अधिकार हेतु जारी निविदा क्रमांक
620/भ.नि.अ.प्र./न.पा.नि./2024 रायपुर दिनांक 07.06.2024, क्रमांक
623/भ.नि.अ.प्र./न.पा.नि./2024 रायपुर दिनांक 07.06.2024, क्रमांक
626/भ.नि.अ.प्र./न.पा.नि./2024 रायपुर दिनांक 07.06.2024, क्रमांक
661/भ.नि.अ.प्र./न.पा.नि./2024 रायपुर दिनांक 13.06.2024, क्रमांक
664/भ.नि.अ.प्र./न.पा.नि./2024 रायपुर दिनांक 13.06.2024, क्रमांक
667/भ.नि.अ.प्र./न.पा.नि./2024 रायपुर दिनांक 13.06.2024 को अपरिहार्य कारणों से निरस्त की जाती हैं।

(आयुक्त महोदय के आदेशानुसार)
नगर निवेशक
नगर पालिक निगम, रायपुर

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरें को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

## MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR

e-Procurement Tender Notice
Main Portal : http://eproc. cgstate.gov.in
(1nd Call)

NIT NO: 842/TPO/ADVERTISMENT/2024 RAIPUR DATED : 26/06/2024

Online bids are invited for the following works up to 18/07/2024 at 17:30 hours.

| क्र. | System Tender No. | कार्य का नाम | मिनीयूनीपोल की संख्या | अमानत राशि | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 155498 | नगर पालिक निगम, रायपुर के लिए बुढ़ातालाब के पास इंडोर स्टेडियम के बाजू में अस्थायी मॉडल वेडिंग जोन विकास एवं 05 वर्षों तक संचालन-संधारण किये जाने के कार्य के एवज में विज्ञापन अधिकार के कार्य हेतु संस्था के चयन बाबत | 4 Size 18'X18' (02 फेस) | 1.00 लाख | 05 वर्ष |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of chhattisgarh. e-Procurement Portal https: //eproc.cgstate.gov.in from 26/06/2024, 17:30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above mentioned portal NIT Detail and other documents.

**Note:**- 1. All eligible interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal 2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. ***Help Desk at Toll Free No. 18004199140*** or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई (मित्र) वाहन को देवें

TOWN PLANNER
MUNICIPAL CORPORATION
RAIPUR

## OFFICE OF THE SUPERINETENDING ENGINEER PUBLIC WORK DEPARTMENT, BILASPUR CIRCLE BILASPUR, CHHATTISGARH

**AMENDMENT NOTICE**

Amendment are made in N.I.T. No. 22, 23, 24 dated 24.06.2024:-

| Existing Description | To be read |
|---|---|
| नि.आ.सू. क्र. 1, 2, 3 | नि.आ.सू. क्र. 22, 23, 24 |

Other conditions will remain same.

Superintending Engineer
PWD, Bilaspur Circle
Bilaspur (CG)

G-242500629/1 पूर्व जी नं.- 242500567

## भारत सरकार
## वस्त्र मंत्रालय
## भारतीय हथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान
## चौकाघाट, वाराणसी- 221002

**प्रवेश सूचना**
**वस्त्र प्रसंस्करण में पोस्ट डिप्लोमा**

भारतीय हथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान, वाराणसी द्वारा **16 जुलाई, 2024** से प्रारम्भ सत्र **2024-25** हेतु वस्त्र प्रसंस्करण में पोस्ट डिप्लोमा में प्रवेश हेतु पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

1. **पात्रता:-** अभ्यर्थी ने किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से तीन वर्ष का हथकरघा प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा / हथकरघा एवं वस्त्र प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा / वस्त्र प्रौद्योगिकी / वस्त्र रसायन / वस्त्र प्रसंस्करण में डिप्लोमा उत्तीर्ण किया हो।
**अथवा**
किसी मान्यता प्राप्त कॉलेज / यूनिवर्सिटी से विज्ञान में स्नातक (B.Sc.) अथवा 10 + 2 स्तर पर भौतिक (फिजिक्स) एवं रसायन (केमिस्ट्री) के साथ गृह विज्ञान में स्नातक (B.Sc. Home Science) उत्तीर्ण किया हो।
2. **प्रवेश प्रक्रिया:-** पात्रता परीक्षा में प्राप्त अंको की मेरिट के आधार पर काउंसिलिंग द्वारा ही संबंधित संस्थानों में प्रवेश दिये जायेंगे।
3. **आरक्षण:-** ओबीसी, एससी, एसटी और ईडब्लूएस श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिये क्रमशः **27** प्रतिशत, **15** प्रतिशत और **7.5** प्रतिशत और **10** प्रतिशत सीटें आरक्षित होंगी।
4. **पाठ्यक्रम की अवधि:- 1.5 वर्ष** (तीन सेमेस्टर)।
5. **स्टाइपेंड:-** रूपये **2500/- प्रतिमाह ( सरकारी मानदंडों के अनुसार )**।
6. **अंतिम तिथि :-** निर्धारित प्रारूप में पूर्ण रूप से भरे गये आवेदन पत्र के साथ अपनी पात्रता की पुष्टि के रूप में स्व-प्रमाणित स्नातक / डिप्लोमा के तीनो वर्षों की अंक तालिकायें, आरक्षित श्रेणी के लिये जाति प्रमाणपत्र ( ओबीसी / एससी / एसटी / EWS ) की छाया प्रतिलिपियां तथा जिस संस्था से अंत में अध्ययन किया हो, वहा से स्थानांतरण प्रमाण पत्र के साथ संबंधित संस्थान में निम्नलिखित पते पर विलम्बतम **08.07.2024** अथवा उससे पूर्व पहुँच जाने चाहिए:-

**निदेशक,**
भारतीय हथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान,
चौकाघाट, वाराणसी - 221002 (उ.प्र.)
फोन नं. - 0542-2203833

**नोट: अभ्यर्थी अभ्यर्थी प्रवेश हेतु प्रार्थना पत्र वेबसाइट** www.iihtvaranasi.edu.in **अथवा** www.handlooms.nic.in **से प्राप्त (डाउनलोड) कर सकते है।**

CBC- 41102/11/0003/2425

## कार्यालय कलेक्टर/अध्यक्ष, जिला निर्माण समिति सुकमा जिला - सुकमा (छ.ग.)

**// मैनुअल पद्धति द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना //**

क्रमांक/84/NIT No 03/जि.नि.स./2024-25 सुकमा दिनांक - 26/06/2024

1. एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी मे पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु.लाख मे) | निविदा का प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | शासकीय पोटाकेबिन चिन्तलनार में 03 नग अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य विकासखण्ड कोन्टा | 22.74 | 05/07/2024 |
| 2 | Construction of Middle School Mesiras, Block Chhindgarh | 20.27 | |
| 5 | Construction of Primary School Kuplipara, Gadgadipara, Kottacherupara, Upampalli, Pidmel, Nimmalguda, | 19.06 Per Building | |

उपरोक्त कार्यों की निविदा से संबंधित आवश्यक शर्ते धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस पर कार्यालय से प्राप्त की जा सकेगी :-

**(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)**

(कार्य.अभि., छ.ग.ग्रा.स.वि.अभि.)
सहा. नोडल अधिकारी
जिला निर्माण समिति सुकमा (छ.ग.)

G-242500640/5


# प्रति व्यक्ति आय में गुजरात से पीछे हुआ महाराष्ट्र एमवीए को मिला मुद्दा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों से राज्य विधानमंडल के आखिरी मानसून सत्र में पहले दिन आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया गया। इसमें सामने आया है कि देश में प्रति व्यक्ति आय के मामले में तेलंगाना जहां शीर्ष पर है तो वहीं महाराष्ट्र छठें स्थान पर खिसक गया है, इसमें सामने आया है कि गुजरात महाराष्ट्र से आगे है। आर्थिक सर्वेक्षण मंन सामने आई यह तस्वीर चुनावों में महायुति सरकार के घटक दलों के सिरदर्द बन सकती है। लोकसभा चुनावों में महाविकास आघाडी ने महाराष्ट्र का विाकस नहीं होने और राज्य से उद्योग-धंधे गुजरात जाने को मुद्दा बनाया था। उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना ने डायमंड के कारोबार के सूरत शिफ्ट होने और सेमीकंडक्टर को प्लांट गुजरात जाने पर बीजेपी और एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना को घेरा था। महाराष्ट्र आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 में सामने आया है कि राज्य प्रति व्यक्ति आय में छठवें नंबर पर है। महाराष्ट्र में प्रति व्यक्ति की आय 2,52,389 रुपये बताई गई है। प्रति व्यक्ति आय के मामले में तेलंगाना पहले नंबर पर है तो वहीं दूसरी नंबर पर कर्नाटक और फिर हरियाणा है।

महाराष्ट्र के गुजरात के पीछे खिसकने पर महाविकास आघाडी की तरफ से मुद्दा बनाया जा सकता है। आर्थिक सर्वेक्षण में कहा गया है कि 2021-22 में बड़े उछाल के बाद महाराष्ट्र का विकास इंजन धीमा हो गया। यह स्लाइडिंग मोड पर है। महामारी में अर्थव्यवस्था तो बनी लेकिन बची भी और कायम भी रही। इसके बाद इसके बढ़ने की उम्मीद थी, शुरुआत तो अच्छी हुई, लेकिन चीजें ठीक नहीं चल रही हैं।

एसजीपीसी का बड़ा फैसला

# स्वर्ण मंदिर में फिल्मों के प्रमोशन पर रोक

**चंडीगढ़।** योग दिवस पर स्वर्ण मंदिर में सोशल मीडिया इंफ्लूसर अर्चना मकवाना के योगा करने से मचे बवाल के बाद सिखों की सर्वोच्च संस्था शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने एक बड़ा फैसला लेते हुए अब स्वर्ण मंदिर में फिल्मों के प्रमोशन पर रोक लगा दी है। श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह ने कहा कि श्री हरमंदिर साहिब फिल्मों को प्रमोट करने वाला स्थल नहीं है। उन्होंने कहा कि आप आएं यहां, माथा टेकें, अरदास करें लेकिन अपनी फिल्मों की प्रमोशन बिल्कुल न करें। हरमंदिर साहिब बाणी पढ़ने-सुनने वाला स्थान है। श्री दरबार साहिब में बड़ी संख्या में संगत माथा टेकने आती है।



## पेज एक के शेष

### आयुष्मान ही नहीं, बीजू...

की मौत के बाद उपजे विवाद के बाद यह मामला सामने आया। मृतक और उनके कुछ साथियों को बेहतर उपचार दिलाने के लिए कार में बिठाकर अस्पताल लाया गया था। सूत्रों का दावा है कि ग्रामीण इलाकों में मरीज फाँसने कई अस्पतालों के एजेंट काम कर रहे हैं। इलाज के लिये अस्पताल तक मरीज पहुंचाने के बदले उन्हें एक निश्चित राशि कमीशन के रूप में मिल रही है। दावा यहाँ तक किया जा रहा है कि अस्पताल के एजेंटो का जाल छत्तीसगढ़ के साथ पड़ोसी राज्य ओडिशा तक फैला हुआ है। छत्तीसगढ़ में मरीजों को पचास हज़ार से लेकर पाँच लाख तक की सुविधा दी जा रही है। जबकि ओडिशा के बीजू स्वास्थ्य कार्ड में यह राशि पांच से दस लाख रुपए तक है। उस योजना में उपचार राशि का भुगतान भी छत्तीसगढ़ की तुलना में काफी में तेजी से किया जाता है। कम समय में ज्यादा पैसा कमाने के लिए पंजीकृत निजी अस्पताल विभिन्न तरह के पैंतरे अपना रहे हैं।

### ऑपरेशन के बदले ....

इलाज के लिए पहुंचा था। यहां उससे ऑपरेशन के बदले पैसे की मांग स्थिरोग विशेषज्ञ एवं प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. राजेन्द्र बंसारिया द्वारा की गई। पैसे देने से इनकार करने पर मरीज कर इलाज नहीं किया गया। इसकी शिकायत मरीज के परिजनों द्वारा की गई थी। जांच में शिकायत सही पाए जाने के बाद यह कार्रवाई की गई है। कोरिया जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा प्रतिवेदन पेश किया गया है। इसके आधार पर यह कार्रवाई की गई है। जिला एवं स्वास्थ्य कार्यालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि डॉ. बंसारिया का यह कृत्य को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम का उल्लंघन माना गया है। इस आधार पर उन्हें निलंबित किया गया है।

## अमेरिका ने एक बार फिर की धार्मिक स्वतंत्रता को लेकर भारत की आलोचना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका ने एक बार फिर धार्मिक स्वतंत्रता को लेकर भारत की आलोचना की है। धार्मिक स्वतंत्रता पर बुधवार को प्रकाशित अमेरिकी विदेश मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट में भारत के अल्पसंख्यकों की स्थिति पर चिंता जताई गई। रिपोर्ट में दुनियभर में मुसलमानों और यहूदियों के खिलाफ बढ़ती कट्टरता की भी बात कही गई है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि गाजा युद्ध को देखते हुए अमेरिका भी यहूदी विरोधी भावना और इस्लामोफोबिया दोनों में भारी बढ़ोतरी का सामना कर रहा है। ब्लिंकन ने भारत के संबंध में कहा, 'भारत में हम धर्मांतरण विरोधी कानूनों, नफरत भरे भाषण, अल्पसंख्यक समुदायों के लोगों के घरों और पूजा स्थलों को ध्वस्त करने में चिंताजनक बढ़ोतरी देख रहे हैं।


## छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना, जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

निआसू क्रमांक 02,03,04/वलेलि/2024-25 जगदलपुर, दिनांक 26.06.2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत **सक्षम श्रेणी** में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | अमानत राशि (रुपये) | निर्धारित समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 4 | 4 | |
| 01 | 155227 | बस्तर जिले के विकासखण्ड जगदलपुर की कुम्हरावण्ड उद्वहन सिंचाई योजना के नहर लाईनिंग कार्य। ( प्रथम आमंत्रण) | 319.49 लाख | 1.60 लाख | 12 माह वर्षाकाल सहित |
| 02 | 155229 | बस्तर जिले के विकासखण्ड बकावण्ड की पीठापुर तालाब का शीर्ष बांध मरम्मत कार्य एवं नहर मरम्मत कार्य एवं नहर लाईनिंग कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 237.92 लाख | 1.50 लाख | 11 माह वर्षाकाल सहित |
| 03 | 155231 | बस्तर जिले के विकासखण्ड बकावण्ड की उलनार जलाशय का शीर्ष एवं मुख्य नहर व लघु नहर का मरम्मत कार्य एवं लाईनिंग कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 227.44 लाख | 1.50 लाख | 11 माह वर्षाकाल सहित |

1. **बिड प्रारंभ की तिथि** - 03.07.2024 17:31 Hours
2. **बिड सबमिशन की अंतिम तिथि** - 18.07.2024 17:30 Hours

**रिमार्क:-** उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 03.07.2024 समय 17:31 बजे से डाउनलोड किये जा सकते है।

**कार्यपालन अभियंता**
**टी.डी.पी.पी. जल संसाधन संभाग, जगदलपुर**
**कृते, मुख्य अभियंता महानदी परियोजना,**
**जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)**

G-242500626/6

## OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (CIVIL) AU & PC, CSPGCL,

Shed No. 2, Dangania, Raipur-492013 Phone No. 0771-2576320 & 0771-2576324, website :www.cspc.co.in E-mail:- cecivil.aupc@gmail.com

No. 03-15/W/770 Raipur, date: 25.06.2024

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from eligible bidders fulfilling the eligibility criteria as mentioned below and having experience in Govt./Public Sector Undertaking/Local bodies/Power Generating Companies in India only for the following work :-

| Sl. No. | Tender Specification No. | Description | NIT value i/c GST (Rs.) | EMD (Rs.) | Completion period (incl. Rainy season) | Rfx No. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EDC/AU&PC/ HTPS-KW/ W/ 2024/11 | Fly ash utilization by disposal of fly ash in low laying area s at nearby location within 50 Km lead from ash silo situated at 1x500MW Extn., HTPS, CSPGCL, Korba West. | 373.35 Lacs | 3,73,400/- | 04 Months | 81000 37668 |
| 2 | EDC/AU&PC/ HTPS-KW/ W/ 2024/12 | Fly ash utilization by disposal of fly ash in low laying area s at nearby location within 50 Km lead from ash silo situated at 4x210 MW, HTPS, CSPGCL, Korba West. | 373.35 Lacs | 3,73,400/- | 04 Months | 81000 37669 |
| 3 | EDC/AU&PC/ HTPS-KW/ W/ 2024/13 | Utilization of ash by transportation of ash to NHAI/road projects from Ash Dyke Jhabu, HTPS, CSPGCL, Korba West. | 438.48 Lacs | 4,38,500/- | 04 Months | 81000 37643 |
| 4 | EDC/AU&PC/ ABVTPS-MRW/W/ 2024/14 | Fly ash utilization in low laying area /Stone Quarry upto a lead of 50 Km. from Ash Silos of 2x500 MW ABVTPS, CSPGCL, Marwa-Tendubhata. | 403.17 Lacs | 4,03,200/- | 04 Months | 81000 37672 |

**Cost of tender form is Rs. 1180/- (Rs.1000/- + 18% GST) for Sl. No. 01, 02, 03 & 04. The due date & time for submission of bids, Tender Cost & EMD is 22.07.2024 (up to 15:00 Hrs) and bid opening date (Techno commercial bids) is 24.07.2024 (up to 16:00) Hrs respectively. The tender document can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in: 50724/ irj /portal. Note:- (i) The L-1 bidder shall be decided on overall cost to company basis including GST.(ii) In case, the rate quoted by the bidder is on abnormally lower side, a performance guarantee @5% of contract value i/c GST in addition to Security Deposit shall have to be deposited by the bidder.(iii) Maintenance period for the work shall be 12 months for Sl. No. 01, 02 & 04 and Sl. No. 03 is Nil.**

//Save Electricity//

Executive Director (Civil) AU & PC,
CSPGCL., Raipur


## राशिफल

**मेष** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** — नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** — आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** — वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**धनु** — रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** — रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5555



**बाएँ से दाए-**

1. जानकारी-4
4. मांसाहार का उलट-4
8. 'जुम्मा चुम्मा दे दे' गीत वाली फिल्म-2
9. कायाकल्प-5
10. पिता के छोटे भाई-2
13. कहानी लिखने वाला-5
15. नाम रखना-5
17. बेवक्त, अकाल-5
20. प्रयास, कोशिश-5
23. टोंटी, नलका-2
24. कामदेव, पुष्कर-2,3
25. डर, भय-4
28. शोर-शराबा-4
29. बेवफा, व्यभिचारी-4

**ऊपर से नीचे**

2. बिंदु, बिंदी, शून्य-2
3. गोलाकार-3
4. सम्मिलित होना-3,2
5. घाटा, नुकसान-2
6. मूर्ख, बेवकूफ-4
7. बिना कारण, बेवजह-4
11. राजा की पत्नी-2
12. वहम, संदेह-2
14. दुर्घटना-3
16. खाना बनाने की जगह, किचन-3
17. एकाएक, सहसा-4
18. अलमस्त-2
19. कमल ककड़ी, कमल डंडी-3,2
20. आरामदायी-5
21. सम्मान-2
22. भलमानसता-4
26. सद्, अच्छा-2
27. मृत्यु, प्रारब्ध, न्याय निर्णय-2

**शब्द पहेली -5554 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5566

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5565 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |



विशेष : अंतरराष्ट्रीय क्षुद्र-ग्रह दिवस, 30 जून

बच्चों, तुमने एस्टेरॉयड्स यानी क्षुद्र-ग्रहों के बारे में सुना या पढ़ा होगा। ये ऐसे अनोखे खगोलीय पिंड होते हैं, जो हमेशा से खगोलविदों और खगोल-विज्ञान में रुचि रखने वालों के मन में जिज्ञासा और कौतुहल जगाते रहे हैं। जानो, इन रहस्यमयी क्षुद्र-ग्रहों के बारे में कुछ खास बातें।

# ग्रह-उपग्रह से अलग क्षुद्र-ग्रह

नॉलेज / शिखर चंद जैन

बच्चों, क्षुद्र-ग्रह के नाम में भले ही ग्रह शब्द जुड़ा है, लेकिन वास्तव में ये ग्रह नहीं होते हैं, क्योंकि ग्रहों के लिए तय पैमाने पर ये खरे नहीं उतरते हैं। ये उपग्रह भी नहीं हैं, क्योंकि ये किसी ग्रह के चारों ओर चक्कर नहीं लगाते हैं। असल में क्षुद्र-ग्रह अंतरिक्ष की चट्टानों, धूल और मलबे के छोटे-बड़े टुकड़े होते हैं, जो अरबों वर्षों से इसी स्थिति में अंतरिक्ष में विचरण कर रहे हैं। बच्चों, अगर तुम सोचते हो कि सारे ग्रहों की तरह क्षुद्र-ग्रह भी गोलाकार, अंडाकार होते हैं, दिखने में बेहद खूबसूरत या चमकीले होते हैं या यह बहुत सिस्टमेटिक तरीके से सूर्य के चारों ओर परिक्रमा करते हैं, तो हम तुम्हें जानकारी दे दें कि ज्यादातर क्षुद्र-ग्रहों का कोई निश्चित आकार नहीं होता। आमतौर पर ये किसी मिट्टी के धेले या आलू की तरह दिखते हैं। सूर्य की परिक्रमा करते हुए यह लुढ़कते और घूमते हैं, इनका व्यास कुछ फीट से लेकर कई सौ मीलों तक का हो सकता है। क्षुद्र-ग्रह वास्तव में ग्रह हैं ही नहीं, इसकी जानकारी वैज्ञानिकों को बहुत बाद में पता चली।

## सबसे पहला खोजा गया क्षुद्र-ग्रह

बच्चों, पहला क्षुद्र-ग्रह इटली के खगोल शास्त्री ग्युसेप पियाजी ने 1 जनवरी 1801 में खोजा था। इसका नाम उन्होंने रोम की कृषि देवी के नाम पर 'सेरेस' रखा। 19वीं सदी के मध्य तक इसे ग्रह ही माना जाता रहा, लेकिन बाद में इसकी वास्तविकता सामने आई, क्योंकि बड़ी दूरबीनों से भी ये पिंड तारों जैसे ही नजर आते थे। खगोल वैज्ञानिक विलियम हर्शेल ने इन्हें 'क्षुद्र-ग्रह' यानी 'एस्टेरॉयड' नाम दिया, जिसका अर्थ होता है- तारे के आकार का। इसे 'प्लेनेटॉयड' भी कहा जाता है, जिसका अर्थ है- ग्रह जैसा। 2006 में अंतरराष्ट्रीय खगोलीय संघ ने सेरेस को 'बौना ग्रह' यानी 'ड्वार्फ प्लेनेट' समूह में रखने का प्रस्ताव दिया था।

## सबसे बड़े आकार वाले क्षुद्र-ग्रह

कुछ क्षुद्र-ग्रह आकार में इतने बड़े हैं कि उन्हें छोटा ग्रह मान लिया गया है। चार सबसे बड़े क्षुद्र-ग्रह हैं- सेरेस, वेस्टा, पलास और हाइजिया। इनके बारे में क्रमवार जानो-



सबसे बड़ा क्षुद्र-ग्रह 'सेरेस'

**सेरेस:** यह अब तक खोजा गया सबसे बड़ा क्षुद्र-ग्रह है। इसे बौना ग्रह की श्रेणी में रखा गया है। इसका व्यास 597 मील है। इसमें क्षुद्र-ग्रह बेल्ट के कुल द्रव्यमान का एक तिहाई हिस्सा समाहित है।

**वेस्टा:** वेस्टा का व्यास 329 मील है। इसे एक छोटा ग्रह माना जाता है। वेस्टा आकार में छोटा है, लेकिन पलास से भारी है। पृथ्वी से यह सबसे चमकीला क्षुद्र-ग्रह नजर आता है। इसका नाम रोमन देवी 'वेस्टा' के नाम पर रखा गया है।




**पलास:** ग्रीक देवी 'पल्लास एथेना' के नाम पर इस क्षुद्र-ग्रह का नामकरण किया गया है। सेरेस के बाद इसकी ही खोज की गई थी। यह हमारे सौरमंडल का सबसे बड़ा खगोलीय पिंड है, जो आकार में गोल नहीं है।

**हाइजिया:** हाइजिया कार्बन सरफेस वाले क्षुद्र-ग्रहों में सबसे बड़ा है। इसका नाम ग्रीक स्वास्थ्य देवी के नाम पर रखा गया है। यह 220 मील चौड़ा और 310 मील लंबा है। इसकी आकृति लगभग गोल है।

## क्षुद्र-ग्रह के प्रकार

रासायनिक संरचना के अनुसार क्षुद्र-ग्रहों को विभिन्न वर्गों में बांटा गया है। मुख्य रूप से ये तीन तरह के होते हैं- 1.कार्बन सतह वाले 2.सिलिकॉन सतह वाले और 3.धातु सतह वाले। ज्यादातर क्षुद्र-ग्रह कार्बन सतह वाले होते हैं। कुल क्षुद्र-ग्रहों में इनकी संख्या लगभग 75 फीसदी है, जबकि 17 फीसदी क्षुद्र-ग्रह सिलिकॉन सतह वाले होते हैं। बाकी 8 फीसदी में धातु सतह वाले या अन्य क्षुद्र-ग्रह शामिल हैं। *

## क्षुद्र-ग्रहों का प्रमुख समूह ट्रोजन क्षुद्र-ग्रह

**क्षुद्र-ग्रह** बेल्ट के बाहर क्षुद्र-ग्रहों के अन्य समूह भी हैं। इनमें एक प्रमुख समूह 'ट्रोजन क्षुद्र-ग्रह' है। ट्रोजन क्षुद्र-ग्रह किसी ग्रह या चंद्रमा के साथ एक कक्षा साझा करते हैं। अधिकांश ट्रोजन क्षुद्र-ग्रह बृहस्पति के साथ सूर्य की परिक्रमा करते हैं। कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि क्षुद्र-ग्रह बेल्ट में जितने क्षुद्र-ग्रह होते हैं, उतने ही ट्रोजन क्षुद्र-ग्रह भी हो सकते हैं।



प्रिपरेशन / अंजू जैन

# खुल रहे हैं स्कूल रहना है रेडी-कूल



बच्चों, समर वेकेशंस के बाद स्कूल खुल रहे हैं। स्कूल जाने के लिए खुद को खूब अच्छे से कैसे प्रिपेयर करो, इस सेशन में तुम्हारी स्टडी कैसे बेहतर ढंग से हो कि तुम्हारा रिजल्ट बेस्ट रहे, जानो।

बच्चों, गर्मियों की लंबी छुट्टियां बीत गई हैं। स्कूल खुलने वाले हैं। कुछ बच्चे तो स्कूल जाने के लिए उत्साहित होंगे, लेकिन कुछ बच्चे यह सोचकर उदास होंगे कि अब उनकी मस्ती खत्म। लेकिन बच्चों स्कूल जाना जरूरी है, पढ़ाई से ही तुम्हारा करियर बनता है, उज्ज्वल भविष्य बनता है। तुम स्कूल हमेशा उत्साह-उमंग के साथ जाओ। इससे तुम्हें स्कूल जाने और पढ़ने में तो मजा आएगा ही, साथ ही तुम स्टडी में पहले से कहीं अच्छी तरह परफार्म करोगे।

**कैलेंडर देखकर प्लान करो:** बच्चों, तुमने सुना होगा कि 'टाइम इज मनी।' इसलिए समय को कभी बर्बाद मत होने दो। इसे अपनी पढ़ाई, मनोरंजन, खेलकूद और आराम के लिए इस्तेमाल करो। इसके लिए एक-एक दिन की प्लानिंग करना जरूरी है। हमेशा अपने सामने एक कैलेंडर रखो और आने वाले वीक में क्या-क्या नया करना है, कब और कैसे करना है, पढ़ने और खेलने का क्या समय होगा, इसकी पूरी प्लानिंग करो और इसे सही ढंग से अमल में भी लाओ।

**ना छूटे रीडिंग की आदत:** समर वेकेशन में जब तुम्हें मौका मिला तो तुमने तरह-तरह की बुक्स की रीडिंग की होगी। यह आदत बनाए रखो। रोजाना कोई अच्छी किताब, बाल पत्रिका या अखबार पढ़ो। इससे तुम्हें देश-दुनिया के नए समाचार मिलेंगे, नई तकनीक और आविष्कारों का भी पता चलेगा, सामान्य ज्ञान बढ़ेगा, साथ ही पढ़ने में तुम्हारा इंटरेस्ट भी बना रहेगा।



**हेल्दी डाइट लो:** बच्चों, पढ़ाई में तुम्हारा दिमाग अच्छे से काम करे, तेज रहे, इसके लिए तुम्हारी बॉडी का फिट एंड एनर्जेटिक रहना बहुत जरूरी है, इसलिए हमेशा हेल्दी डाइट लो। तुम्हें विटामिन-मिनरल युक्त, सुपाच्य और ताजा भोजन करना होगा। घर का ही बना ताजा भोजन, दालें, फल, सब्जियां और दूध-दही का नियमित सेवन करो। इससे तुम हमेशा स्वस्थ रहोगे और पढ़ने में भी मन लगेगा। *



## खुलेंगे स्कूल तो आएगा मजा

**स्कूल खुलने** पर उदास होने के बजाय खुश होना चाहिए। क्योंकि लंबे समय बाद तुम्हें अपने क्लासमेट्स मिलेंगे, जिनके साथ तुम खूब मौज-मस्ती, खेलकूद और हंसी-मजाक करते थे। साथ ही वे टीचर्स भी मिलेंगे, जो तुम्हारी प्रॉब्लम्स को चुटकियों में सॉल्व कर देते हैं। बच्चों, याद रखो पढ़ाई-लिखाई एक बोझ नहीं, बल्कि तुम्हारे जीवन को सहज-सुगम, सफल और समृद्ध बनाने का माध्यम है। इसलिए अनमने ढंग से स्कूल जाने के बजाय हैप्पी, कूल और पॉजिटिव एटिट्यूड के साथ स्कूल जाने की तैयारी शुरू कर दो। हमारी गुड विशेज ...

## जीके क्विज-110

1. अठारहवीं लोकसभा के नए अध्यक्ष कौन बने हैं?
2. लगातार तीसरी बार किसे भारत का राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बनाया गया है?
3. पिछले दिनों किस देश ने अपनी पहली अंतरिक्ष एजेंसी KASA प्रारंभ की?
4. हाल ही में हैदराबाद किस राज्य की पूर्ण राजधानी बना है?
5. सापेक्षता का सिद्धांत (थ्योरी ऑफ रिलेटिविटी) की खोज किसने की थी?
6. विश्व का सबसे घना जंगल कौन-सा है?
7. 'लावणी' किस राज्य का पारंपरिक नृत्य है?
8. भारत में केसर का उत्पादन सबसे ज्यादा किस राज्य में होता है?
9. पृथ्वी का एकमात्र प्राकृतिक उपग्रह कौन-सा है?
10. विश्व का सबसे बड़ा मरुस्थल कौन-सा है?



बच्चों, जीके क्विज-110 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-109 का उत्तर :** 1.उपेंद्र द्विवेदी, 2.पेमा खांडू, 3.महर्षि पतंजलि, 4.21 जून 2015, 5.जिमनास्टिक्स, 6.व्हांगहो, 7.किडनी, 8.फुटबॉल 9.स्कॉटलैंड 10.मैलिक अम्ल

**जीके क्विज-109 का सही उत्तर देने वाले :** मानवी मधुकर-बिलासपुर, नितिन-दुर्ग, कबीर-हिसार, आरती-ईमेल से, अत्रेयन-ईमेल से, अजय-धमतरी, लीना-ईमेल से, अंजलि-ईमेल से, शुभम-बिलासपुर, दीक्षा-रायपुर, सरबजीत-करनाल, क्षमानिधि-बेमेतरा, दिव्यम-रोहतक, केशव-भोपाल, आर्यन-रोहतक

## हंसगुल्ले

**टीचर** : मैंने ब्लैक बोर्ड पर क्या लिखा है, पढ़कर बताओ।
**रोहन** : तरबूजा।
**टीचर** : ठीक से देखो, तजुरबा लिखा है।
**रोहन** : सर, गर्मी इतनी ज्यादा पड़ रही है कि तजुरबा भी तरबूजा दिखाई दे रहा है।
**-आकाश, रोहतक**

**चिंटू** : मम्मी, एडमिशन फॉर्म में आइडेंटिफिकेशन मार्क के कॉलम में क्या लिखूं?
**मम्मी** : 'हाथ में मोबाइल' लिख दो।
**-अमन, रायपुर**



**पप्पू** : पढ़ाई कैसी चल रही है?
**गप्पू** : समंदर जितना सिलेबस है, नदी जितना पढ़ पाता हूं, बाल्टी भर याद होता है, गिलास भर लिख पाता हूं, चुल्लू भर नंबर आते हैं... उसी चुल्लू में डूबने का मन करता है।
**-हितेन, भोपाल**

कहानी

पवन कुमार वर्मा

# मुर्गों की आपात बैठक

मुर्गों को लगा कि अब वो जमाना गया, जब लोग उनकी बांग से सुबह जागते थे। मुर्गों ने एक आपात बैठक बुलाई कि क्या उन्हें अब सुबह-सुबह बांग देना चाहिए? युवा मुर्गों का मत था, बदले दौर को देखते हुए हमें बांग देना बंद कर देना चाहिए, लेकिन बूढ़े मुर्गे इस बात से सहमत नहीं थे, उन्होंने जो तर्क रखे, युवा मुर्गे आगे कुछ ना बोल सके। आखिर मुर्गों की इस बैठक में तय क्या हुआ?



आज मुर्गों ने आपात बैठक बुलाई थी, जिसे लेकर पूरे मुर्गा समाज में गहमा-गहमी थी। दूर-दूर से मुर्गे इस आपात बैठक में भाग लेने आए थे। दरअसल, कुछ वर्षों से मुर्गे बहुत परेशान थे। लोगों को सुबह जल्दी जगाने के लिए उन्हें बांग देने की आदत है- कुकड़ू-कू... कुकड़ू-कू। लेकिन अब उनकी बांग का कोई असर ही नहीं होता। लोग जल्दी सोना और जल्दी जागना भूल गए हैं। मुर्गे की बांग से जागना लोगों के लिए अब बीते जमाने की बात हो गई है। ऐसे में मुर्गों को क्या करना चाहिए? यह बैठक इसी पर चर्चा के लिए बुलाई गई थी। बैठक में आए मुर्गे अपनी-अपनी जगह बैठ गए। कुछ मुर्गे तो केवल बढ़िया खाने की लालच में आए थे। वे इस प्रतीक्षा में थे कि बैठक जल्द समाप्त हो और वे खाने पर टूट पड़ें।

'भाइयों! अब आप बारी-बारी से अपनी बात रखना प्रारंभ करें।' इस घोषणा के साथ बैठक शुरू हो गई। सबसे पहले एक उत्साही नौजवान मुर्गे ने बड़े जोर-शोर से अपनी बात रखी, 'मुझे तो लगता है कि सुबह-सुबह हमारे बांग देने का कोई अर्थ नहीं रह गया है। रात-दिन का अंतर अब समाप्त हो चुका है। दुनिया बदल गई है। लोग चौबीस घंटे काम कर रहे हैं। जब सोकर उठने का समय होता है, तब लोग सोने जाते हैं। फिर क्यों हम उन्हें अनावश्यक परेशान करें?' 'मैं इससे पूरी तरह सहमत हूं। अब हमें भी बदलते वक्त और लोगों की सुविधानुसार खुद को बदलना चाहिए। इसी में समझदारी है भाई।' एक और नौजवान मुर्गे ने सभी को आगाह किया। तभी एक अधेड़ उम्र मुर्गे ने ऐसी बात कह दी कि पंडाल ठहाकों से गूंज उठा, 'भाई! कौन-सी बांग की बात कर रहे हैं आप? मैं जहां रहता हूं, वहां एक छात्रावास है, जिसमें पढ़ने वाले बच्चे रहते हैं। मैं सुबह बांग देने के लिए आंखें मलता जब बाहर आता हूं, तो हैरान रह जाता हूं। छात्रावास के बच्चे पहले से ही मैदान में कसरत और योग करते दिखाई देते हैं। हमसे पहले तो छात्रावास में लगी घंटी उन्हें जगा देती है। ऐसे में उन्हें हमारी बांग की क्या जरूरत?'

'लेकिन इसके बाद भी तो जल्दी उठने वालों की संख्या दिनों-दिन घट रही है। आखिर लोग सुबह जल्दी उठने का लाभ क्यों नहीं लेना चाहते? शायद इसी कारण लोगों का स्वास्थ्य समय से पहले गड़बड़ हो रहा है।' मंच पर बैठे एक मुर्गे ने उस अधेड़ उम्र मुर्गे की बात पर टिप्पणी की। 'भाई देखिए, चाहे कोई कुछ भी कहे, यह मामला बहुत गंभीर है। प्रकृति ने जो कार्य हमें सौंपा है, उसमें बाधा उत्पन्न हो रही है। अब हमें भी अपने लिए कोई और काम सोचना चाहिए। हम दिनों दिन अपनी पहचान खोते जा रहे हैं।' एक शांत स्वभाव वाले बूढ़े मुर्गे ने बड़ी विनम्रता से अपनी बात रखी। कुछ मुर्गों ने उसकी बात का भी समर्थन किया।

'अब आप लोग ही कोई सुझाव दीजिए। क्या हमें बांग देने का काम छोड़ देना चाहिए?' मंच पर बैठे एक मुर्गे ने पूछा।

'कतई नहीं। कम से कम मैं तो बांग देना नहीं छोड़ूंगा। यह कार्य हमारे पूर्वज करते आ रहे हैं। आज भी गांव-देहात में लोग हमारी बांग पर ही उठते हैं।' एक बूढ़ा मुर्गा कांपती आवाज में बोला। सभी की निगाहें उसकी ओर चली गईं। तभी एक और बूढ़ा मुर्गा लड़खड़ाती आवाज में बोला,'लोगों की सुविधा के लिए हमें अपने-आप को कतई नहीं बदलना चाहिए। वह भी तब, जब लोग जानबूझ कर अपने स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। मेरा तो मानना है कि इस समय हमारी भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है। हमें इसे और भी जिम्मेदारी के साथ निभाना चाहिए।'

'मैं आपसे पूरी तरह सहमत हूं। मुझे विश्वास है कि देर-सवेर लोग इस बात को जरूर समझेंगे। वे सुबह जल्दी उठेंगे। हमें हिम्मत नहीं हारनी चाहिए। अपना कार्य जोर-शोर से करते रहना चाहिए।' एक और बूढ़े मुर्गे ने कड़कती आवाज में अपनी बात रखी। उसकी बात समाप्त होते ही चारों ओर सन्नाटा छा गया। सभी एक-दूसरे की ओर देखने लगे। युवा मुर्गे भी खामोश रहे। उन बूढ़े मुर्गों की बात सुनकर सभी का टूटा विश्वास फिर से लौट आया था। धीरे-धीरे सभी बूढ़े मुर्गों की बातों पर सहमत हो गए। अंत में यह तय किया गया कि वे सुबह बांग देना बिल्कुल नहीं छोड़ेंगे। कभी न कभी तो वह दिन आएगा, जब लोग जल्दी सोने और जल्दी उठने के फायदे समझेंगे और इस आदत को अपनाएंगे। *

कविता

शिवचरण चौहान



## टिटहरी का गीत

टिट टिटहरी टिट टिटहरी
टी टी टी टी बोले।
उड़े गगन में ऊंचे चिड़िया
पंख हवा में तोले।।
नहीं टिटहरी बैठा करती
कभी किसी भी पेड़ में।
बैठा करती टीले ऊपर
कभी खेत की मेड़ में।
नन्हे-नन्हे बच्चे इसके
लगते कितने भोले।।
पंख हवा में तोले।।
लाल चोंच है,पीठ सिलेटी
और पैर हैं पीले।
ताल किनारे रहती
फिर भी पैर न करती गीले।
अरी टिटहरी घर आ मेरे
बिस्तर में आ सो ले।।
पंख हवा में तोले।।

## रंग भरो-153

नई दिल्ली। देश की शीर्ष दूरसंचार कंपनी जियो तीन जुलाई से मोबाइल सेवाओं की दरों में 12 से 27 प्रतिशत की वृद्धि करेगी। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में यह जानकारी दी।जियो लगभग ढाई साल के अंतराल के बाद मोबाइल सेवा दरों में पहली बार बढ़ोतरी करने जा रही है। रिलायंस जियो इन्फोकॉम के चेयरमैन आकाश एम अंबानी ने बयान में कहा, 'नई योजनाओं की शुरुआत उद्योग नवोन्मेषण को आगे बढ़ाने और 5जी और एआई प्रौद्योगिकी में निवेश के माध्यम से पर्यावरण अनुकूल वृद्धि को आगे बढ़ाने की दिशा में एक कदम है।' कंपनी ने लगभग सभी योजनाओं में मोबाइल सेवाओं की दरें बढ़ा दी हैं। सबसे कम रिचार्ज की कीमत बढ़ाकर 19 रुपये की जा रही है।

### कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र. 10, रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक 11/न.पा.नि./जोन-10/2024-25 रायपुर, दिनांक : 26/06/2024

// ई निविदा क्र.09 दिनांक 19.06.2024 के कार्य क्र.09 में कर्मचारी संख्या में सुधार करने की सूचना //

जोन क्रमांक 10, नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.) द्वारा जारी किये ई निविदा क्रमांक 09 दिनांक 19.06.2024 के कार्य क्र.09 में जोन क्र.10 अंतर्गत सफाई कार्य हेतु बी.एस.यू.पी. में प्लेसमेंट एजेंसी माध्यम से 30 अकुशल श्रमिक उपलब्ध कराये जाने भूलवश प्रिंट हो गया है। जिसे सुधारकर 20 अकुशल श्रमिक पढ़ा जाये।

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरें को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक -10
नगर पालिक निगम, रायपुर

### इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय
### दाऊ कल्याण सिंह कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, भाटापारा - 493 118 (छ.ग.)

E-mail: dkscars@rediffmail.com

क्रमांक/शैक्ष./2023-24/338 भाटापारा, दिनांक: 27/06/2024

**विज्ञापन**

दाऊ कल्याण सिंह कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, भाटापारा में कृषि अर्थशास्त्र विषय में अतिथि शिक्षक की नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आंमत्रित किये जाते है । आवेदन की अंतिम तिथि दिनांक 05.07.2024 है एवं साक्षात्कार दिनांक 12.07.2024 को 11.00 बजे से कृषि महाविद्यालय, रायपुर में आयोजित किया जावेगा । विस्तृत जानकारी के लिये वि.वि.की वेबसाइट www.igkv.ac.in देखा जा सकता है।

(अधिष्ठाता)

S-40589/1

### छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, रायपुर
(छ.रा.वि.मं. की उत्तरवर्ती कम्पनी)
(कार्यालयः कार्यपालन अभियंता, नगर संभाग उत्तर, छ.स्टे.पॉ.डि. कं. लिमि, रायपुर )

**सूचना**

विद्युत लाईनों/उपकरणों के रख-रखाव लाईन मरम्मत के आवश्यक कार्य हेतु निम्नांकित फीडरों / उपकेन्द्र के सम्मुख दर्शाये गये तिथि एवं समय में विद्युत आपूर्ति अवरूद्ध रहेगी जिसके समय में आवश्यकतानुसार परिवर्तन संभव हैं। असुविधा के लिये खेद हैं।

| क्र. | दिनांक एवं दिन | समय | उपकेन्द्र का नाम | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 28.06.2024, शुक्रवार | सुबह 08:00 से दोपहर 12:00 बजे तक | 132/33/11 के.व्ही. गुढ़ियारी उपकेन्द्र | 11 के.व्ही. रिंग-3, 11 के.व्ही. टाउन | गोकुल नगर, गोपाल नगर, लक्ष्मण नगर, पुलिस थाना रामनगर, कृष्णा नगर, भरत नगर, कर्मा चौक, कबीर चौक एवं अन्य संबंधित क्षेत्र |

**स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा बचाइये।**

उपभोक्तागण विद्युत शिकायत के लिये विद्युत शिकायत केन्द्र गुढ़ियारी-2593892, खमतराई-2576317, टाटीबंध-2574755, कबीर नगर-2574024, केन्द्रीय काल सेन्टर-1912 में संपर्क कर एवं मोर बिजली एप डाउनलोड कर बिजली संबंधित शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जनहित में विद्युत आपूर्ति हेतु लगाये गये विद्युत लाईन के नीचे / बगल से भवन/रोड/तालाब का निर्माण करना अवैधानिक हैं। अतः विद्युत सुरक्षा नियमों का पालन करे।

कार्यपालन अभियंता
नगर संभाग उत्तर छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लिमि., रायपुर

### कार्यालय, कार्यपालन अभियंता
### परियोजना क्रियान्वयन इकाई क्र.-1
### छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, रायपुर

Phone No. 0771-4340592, E-mail ID- cg-rai@pmgsy.nic.in

क्र. 900/छगग्रासविअ/2024 रायपुर, दिनांक 27/06/2024

**// निविदा आमंत्रण की सूचना //**

छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, कलेक्टोरेट परिसर, जिला रायपुर में रखी शासकीय वाहन क्रमांक सी.जी. 02-3105 टाटा सफारी को विक्रय किया जाना है। इस हेतु निविदा आमंत्रण की अंतिम तिथि 12.07.2024 दोपहर 3.00 बजे तक नियत है एंव निविदा प्रपत्र दिनांक 12.07.2024 को दोपहर 3.00 बजे तक कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

इच्छुक निविदाकार वाहन के अवलोकन एंव विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालयीन समय में कार्यालय से जानकारी प्राप्त कर सकते है ।

**// वाहन का विवरण //**

| वाहन क्रमांक | वाहन का प्रकार | आफसेट दर | जमानत राशि |
|---|---|---|---|
| सी.जी. 02-3105 | टाटा सफारी | रु. 38000/- (अढ़तीस हजार मात्र) | रु. 4000/- |

कार्यपालन अभियंता,
परियोजना क्रियान्वयन इकाई
S-40604/3 छ.ग.ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, जिला-रायपुर (छ.ग.)

### कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर
### नगर निगम मुख्यालय, रंग मंदिर के पास, गांधी चौक, छोटापारा, रायपुर (छ.ग.)

Pho. No. 0771-2535780,90, Fax. 077172227395, E-mail- dc_rmc@rediffmail.com

क्रमांक 737/भ.नि.अ.प्र./न.पा.नि./2024 रायपुर दिनांक 19/06/2024

**// आम-सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स गोलछा रियल्टीज द्वारा भागीदार श्री अक्षय गोलछा पिता श्री राजेश गोलछा, पता-गोलछा चेम्बर, सिविल लाईन, रायपुर (छ.ग.) को ग्राम अमलीडीह प.ह.नं. 69, रा.नि.मं. रायपुर, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा क्र. 15066 रकबा 1.080 हे., ख.क्र. 15067 रकबा 0.101 कुल रकबा 1.181 हेक्टेयर भूमि पर आवासीय (भूखण्डीय) कालोनी में विकास कार्य प्रारम्भ करने हेतु कालोनी विकास अनुमति जारी की जा रही है। उक्त कालोनी में आंतरिक विकास कार्य पूर्ण करने के एवज में निम्नानुसार बंधक रखे गये भूखण्ड, समाज के निम्न आय वर्गों हेतु आरक्षित भूखण्ड एवं EWS के लिए आरक्षित भूखण्डों का विवरण आम लोगो की जानकारी हेतु दी जा रही है। जो निम्नानुसार है-

**(अ) बंधक भूखण्डों का विवरण :-**

| क्र. | भूखण्ड क्रमांक | संख्या | रकबा प्रति बंधक भूखण्ड | रकबा कुल बंधक भूखण्ड |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भूखण्ड क्र. 11 | 01 | 108.94 Sqm. | 108.94 Sqm. |
| 2 | भूखण्ड क्र. 12 | 01 | 111.42 Sqm. | 111.42 Sqm. |
| 3 | भूखण्ड क्र. 13 | 01 | 150.84 Sqm. | 150.84 Sqm. |
| 4 | भूखण्ड क्र. 54 | 01 | 117.00 Sqm. | 117.00 Sqm. |
| 5 | भूखण्ड क्र. 55 | 01 | 118.47 Sqm. | 118.47 Sqm. |
| 6 | भूखण्ड क्र. 56 | 01 | 118.47 Sqm. | 118.47 Sqm. |
| 7 | भूखण्ड क्र. 57 | 01 | 116.95 Sqm. | 116.95 Sqm. |
| 8 | भूखण्ड क्र. 58 | 01 | 115.18 Sqm. | 115.18 Sqm. |
| 9 | भूखण्ड क्र. 59 | 01 | 113.41 Sqm. | 113.41 Sqm. |
| योग | | 09 | | 1070.68 Sqm. |

**(ब) निम्न आय वर्गो (L.I.G.) के लिए आरक्षित भूखण्डों का विवरण :-**

| क्र. | भूखण्ड क्रमांक | संख्या | रकबा प्रति LIG भूखण्ड | रकबा कुल LIG भूखण्ड |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भूखण्ड क्र. L1 | 01 | 92.90 Sqm. | 92.90 Sqm. |
| 2 | भूखण्ड क्र. L2 | 01 | 91.57 Sqm. | 91.57 Sqm. |
| 3 | भूखण्ड क्र. L3 | 01 | 90.24 Sqm. | 90.24 Sqm. |
| 4 | भूखण्ड क्र. L4 | 01 | 88.91 Sqm. | 88.91 Sqm. |
| 5 | भूखण्ड क्र. L5 | 01 | 87.58 Sqm. | 87.58 Sqm. |
| योग | | 05 | | 451.20 Sqm. |

**(स) E.W.S. के लिए आरक्षित भूखण्डों का विवरण :-**

| क्र. | भूखण्ड क्रमांक | संख्या | रकबा प्रति EWS भूखण्ड | रकबा कुल EWS भूखण्ड |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भूखण्ड क्र. E1 | 01 | 35.00 Sqm. | 35.00 Sqm. |
| 2 | भूखण्ड क्र. E1 | 01 | 36.00 Sqm. | 36.00 Sqm. |
| 3 | भूखण्ड क्र. E1 | 01 | 35.50 Sqm. | 35.50 Sqm. |
| 4 | भूखण्ड क्र. E1 | 01 | 35.30 Sqm. | 35.30 Sqm. |
| 5 | भूखण्ड क्र. E1 | 01 | 36.50 Sqm. | 36.50 Sqm. |
| 6 | भूखण्ड क्र. E1 | 01 | 35.90 Sqm. | 35.90 Sqm. |
| 7 | भूखण्ड क्र. E1 | 01 | 35.00 Sqm. | 35.00 Sqm. |
| योग | | 07 | | 249.20 Sqm. |

उपरोक्तानुसार बंधक भूखण्डों को क्रय करने के पूर्व नगर निगम रायपुर द्वारा बंधक मुक्त किया गया है अथवा नहीं; इसके संबंध में कालोनाईजर से बंधक मुक्त प्रमाण-पत्र प्राप्त करें तथा बंधक मुक्त नहीं होने की स्थिति में बंधक भूखण्डों को क्रय न किया जावें।

घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें ।

नगर निवेशक
नगर पालिक निगम, रायपुर

## एलन रायपुर के योद्धा सेशन में शामिल हुए 5 हजार से अधिक स्टूडेंट्स-पेरेन्ट्स



रायपुर। एलन रायपुर की ओर से विद्यार्थियों के मोटिवेशन के लिए स्पेशल सेशन योद्धा के गुरुवार को चार सेशन्स हुए। इन सेशन्स में 5 हजार से अधिक स्टूडेंट्स व पेरेन्ट्स शामिल हुए। जेएलएन मेडिकल कॉलेज रायपुर के अटल बिहार वाजपेयी ऑडिटोरियम में हुए इन सेशन्स में कैप्टन योगेन्द्र सिंह यादव ने विद्यार्थियों को जिंदगी को सकारात्मकता के साथ जीने का संदेश दिया।

परमवीर चक्र विजेता कैप्टन यादव ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि मेरी तरह आप लोग भी योद्धा ही हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि मैं मां भारती की रक्षा के लिए योद्धा बना और आपको अपने सपनों को साकार करने के लिए योद्धा बनना है।

■ परमवीर चक्र विजेता कैप्टन यादव ने किया मोटिवेट

यकिन मानिए एक योद्धा कभी हारता नहीं है। उसे अपनी मंजिल एक दिन मिल ही जाती है।

### लाइफ में तीन पी होना जरूरी है

ऑनरेरी कैप्टन यादव ने कहा कि लाइफ में तीन पी होना जरूरी है। इसके आधार पर आगे बढ़ोगे तो कभी पीछे देखने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। पहला 'पी है परपज... यानी उद्देश्य। दूसरा पी है पैशन... यानी जुनून और तीसरा पी है परफॉर्मेन्स यानी प्रगति... आपकी प्रगति..... परपज के लिए पैशन के साथ काम करेंगे तो परफॉर्मेन्स अपने आप आ जाएगी। ये तीनों पी एक-दूसरे के पूरक हैं।

## एलएंडटी समूह में 45,000 श्रमिकों इंजीनियरों की कमी

नई दिल्ली। विविध क्षेत्रों में कार्यरत लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) समूह इस समय 45,000 श्रमिकों, इंजीनियरों की कमी का सामना कर रहा है। समूह के चेयरमैन एस एन सुब्रमण्यम ने बुधवार को यह बात कही। उन्होंने यहां कहा कि प्रमुख इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण कारोबार 25,000-30,000 श्रमिकों की कमी से जूझ रहा है।

### न्यायालय- प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी के न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

-: समंस :-

(अंतर्गत आदेश 05 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता)
श्रीमती कुसुम दुबे वगै. विरुद्ध डॉ. शिव शर्मा वगै.
निष्पादन प्रकरण क्रमांक 07अ / 2013
आदेश दिनांक 25.06.2024
पेशी दिनांक 29.07.2024
प्रोसेस क्रमांक 242/2024

**निर्णित ऋणी की उपस्थिति हेतु समंस**

1. श्रीमती श्रद्धा शुक्ला उम्र 47 वर्ष पति महेश शुक्ला निवासी कोटा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
2. श्रीमती शोभा तरोंक पति लक्ष्मीनारायण तरोंक उम्र 45 वर्ष निवासी श्री विहार नवापारा बिलासपुर छ.ग.

स्नेह कुमार पाठक उम्र 40 वर्ष पिता स्व. श्रीकुमार पाठक निवासी स्टेट बैंक सरकण्डा के बगल में बिलासपुर जिला बिलासपुर छ.ग.

इस न्यायालय में प्रस्तुत निष्पादन प्रकरण क्रमांक 071/2013 में आज्ञप्तिधारी श्रीमती कुसुमदेवी वगैरह विरुद्ध डॉ. शिव शर्मा वगैरह में मौजा तखतपुर पहनं0 28 रानिमं0 तखतपुर तहसील तखतपुर, जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 105 रकबा 0817 हे0 भूमि का निर्णय डिक्री दिनांक 16.05.2014 के अनुसार डिक्रीधारी को स्वामित्वधारी घोषित किये जाने के फलस्वरूप वादभूमि का रिक्त आधिपत्य दिलाये जाने के संबंध में आपके विरुद्ध निष्पादन वाद प्रस्तुत किया है जिसमें आपकी/ अनावेदक पक्षकारों की उपस्थिति हेतु दिनांक 29.07.2024 को निष्पादन वाद नियत है। आपको समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आप पेशी दिनांक 29.07.2024 को न्यायालयीन समय 11.00 बजे न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष रखने हेतु मय दस्तावेज के उपस्थित होवें। आपकी अनुपस्थिति में आपका पक्ष समर्थन का अवसर समाप्त करते हुए आप लोगों के विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। यदि किसी कारण वश उक्त दिनांक को न्यायालय में अवकाश घोषित हो या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो अगले कार्य दिवस में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक /06/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मोहर लगाकर जारी किया गया।

दिनांक : 25/06/2024

(कु.श्वेता बघेल)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी के न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)

### CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION COMPANY LTD.
(Government of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015822
**OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (EITC)**
Telephone: (0771) - 2574 123, Fax: (0771) - 2574 125 Website: www.cspdcl.co.in e-mail: ged@cspc.co.in

07-01/EITC/CSDC/Tr-391/615 , Raipur Dated - 25.06.2024

**NOTICE INVITING TENDER**

1.Sealed offers are invited from experienced Firms, OEM, Service providers, Authorized dealers for the following services.

| SN | Tender No. | Particulars | Tender Fee | EMD | Due Date & Time of Submission of bid |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Tr-391 RFx-8100037567 | Repairing /Replacement of IBMS equipment installed at SCADA/DMS Control Center Raipur & Durg-Bhilai-Charoda | Rs. 1180 (Rs. 1000+GST@ 18%) | Rs. 21900 | 18-07-2024 at 14:00PM |

2.For further details & downloading the Tender document, please visit at our web site www.cspdcl.co.in / **tender notices / central offices.**

**3. Please note that notice for corrigendum or extension of due date of tender opening shall not be published in newspaper. It will be displayed only on the website and e-bidding portal.**

SAVE ELECTRICITY Executive Director (EITC)

### NAVA RAIPUR ATAL NAGAR VIKAS PRADHIKARAN

Paryavas Bhawan, North Block, Sector- 19, Nava Raipur Atal Nagar- 492 002, Chhattisgarh.
Tel No: +91 771 2512000; Fax No.: +91 771 2512400. Website: www.navaraipuratalnagar.com, http://eproc.cgstate.gov.in

**E-Procurement Tender Notice**

The Chief Executive Officer, **NRANVP** invites tender for following works:

**1. NIT No.:10/ITES-II-5th & 7th Floor/EEC-IV/CE/NRANVP/2024-25, Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur, Dated: 21/06/2024**

**Name of Work:** "Infrastructure Development (Phase-II) for ITES (Plug & Play Centre) at 5th & 7th Floor of Tower-C, Commercial Office Complex, Sector-21, Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur (C.G.)"

| Period of completion including rainy season | Estimated Cost (INR) | EMD (INR) |
|---|---|---|
| 06 Months | 12.37 Crs | 13.37 Lakhs |

**2. NIT No: 11/ITES-II-3rd Floor/EEC-IV/CE/NRANVP/2024-25, Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur, Dated: 21/06/2024**

**Name of Work:** "Infrastructure Development (Phase-II) for ITES (Plug & Play Center) at 3rd Floor of Tower-C, Commercial Office Complex, Sector-21, Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur (CG)"

| Period of completion including rainy season | Estimated Cost (INR) | EMD (INR) |
|---|---|---|
| 04 Months | 8.31 Crs | 9.31 Lakhs |

**Last Time & Date of Online Submission: 15:00hrs on 15.07.2024**

The E-Procurement tender documents can be downloaded from the portal (Website) http://eproc.cgstate.gov.in directly and shall be submitted online on the same website only after making on payment of bid participation fees online.

Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

S-40597/3

**Chief Engineer, NRANVP**

### जिला अभियंता का कार्यालय जिला परिषद, रामगढ़

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई-निविदा सं0 :- ZP/RAMGARH/01/2024-25
1. कार्य की विस्तृत विवरणी :-

| क्र. | प्रखण्ड | पंचायत/ग्राम | योजना | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य (रु0) | कार्य पुर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दुलमी | कुल्ही | कुल्ही माथा गौड़ा से कारो तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 12725300 | 255000 | 10000 | 08 (आठ) माह |
| 2 | दुलमी | दुलमी | दुलमी आर0ई0ओ0 पथ से शिव मंदिर होते हुए तालाब तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 7137700 | 143000 | 10000 | 08 (आठ) माह |
| 3 | दुलमी | पोटमदगा | ग्राम बोंगई में REO रोड से नव प्राथमिक विद्यालय, कोरियाटांड़ तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 11878400 | 238000 | 10000 | 08 (आठ) माह |
| 4 | माण्डू | करमा दक्षिणी | करमा दक्षिणी में लालजी महतो के घर के सामने से सतईकिया तक पी0सी0सी0 पथ का निर्माण। | 11793700 | 236000 | 10000 | 08 (आठ) माह |
| 5 | माण्डू | छोटका बुण्डा | ग्राम छोटकाबुण्डा में एकबकिया नाला में पुलिया का निर्माण। | 5931500 | 119000 | 10000 | 08 (आठ) माह |
| 6 | पतरातू | तालाटांड़ | ग्राम पलानी स्कूल से आगे नकटीगढ़ा में पुल निर्माण। | 5484600 | 110000 | 10000 | 08 (आठ) माह |
| 7 | पतरातू | कंदेर | ग्राम सिंधवार कला सरना के समीप पुलिया निर्माण। | 5931500 | 119000 | 10000 | 08 (आठ) माह |
| 8 | चितरपुर | चितरपुर उत्तरी | अशोक उपाध्याय के खटाल से मनोज महतो के जमीन तक पी0सी0सी0 पथ एवं गार्डवाल निर्माण। | 6184377 | 124000 | 10000 | 08 (आठ) माह |
| 9 | पतरातू | देवरिया | देवरिया रेलवे फाटक के समीप लालकी पुल में पुलिया निर्माण। | 6046000 | 121000 | 10000 | 08 (आठ) माह |
| 10 | पतरातू | सांकुल | विश्वनाथ राम के घर से दिनेश्वर राम के जमीन तक पी0सी0सी0 एवं गोंडवाल का निर्माण। | 15034700 | 301000 | 10000 | 08 (आठ) माह |
| 11 | पतरातू | सौन्दा बस्ती | सौन्दा बस्ती मुख्य पथ से मानस गुप्ता के घर होते हुए नारायण साव के घर तक पी0सी0सी0 पथ एवं नाली का निर्माण। | 7487200 | 150000 | 10000 | 08 (आठ) माह |
| 12 | पतरातु | लपंगा | लपंगा पंचायत में महुआ टोला से होतु हुए चोकरा तक पथ निर्माण | 29610800 | 593000 | 10000 | 08 (आठ) माह |
| 13 | माण्डू | औरला | उत्क्रमित मध्य विद्यालय जोबला का चाहरदिवारी (घेराबन्दी) निर्माण। | 6434600 | 129000 | 10000 | 08 (आठ) माह |
| 14 | गोला | बंदा | बालविकास केन्द्र के सामने रजरप्पा रोड से सामवा टोला होतु हुए गम्भीनिया होकर रूनडगुटू, चितरी रजरप्पा रोड तक पथ निर्माण | 29610800 | 593000 | 10000 | 08 (आठ) माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि – दिनांक 04.07.2024
2. ई–निविदा डालने / प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 05.07.2024 से दिनांक 10.07.2024 अपराह्न 3:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय– दिनांक – 11.07.2024 को अपराह्न 4:00 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता– जिला अभियंता, जिला परिषद, रामगढ़।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष नं0– 9801557645
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल *Online mode* द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई– भुगतान संवेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बंद कर दिया जाता है। तो उसकी सारी जवाबदेही संवेदक की होगी।
8. निविदा Double Bid पद्धति से होगा।
9. इस निविदा में जिला परिषद, रामगढ़ के अंतर्गत पंजीकृत समुचित श्रेणी के संवेदक भाग ले सकेंगे।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय के सूचनापट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, रामगढ़

PR 327923 District(24-25)#D

### ICICI Bank

**शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, टेक्नोपोलिस बिल्डिंग, चौथी मंजिल, सेक्टर, कोलकाता– 700091, पश्चिम बंगाल, भारत

**सरफेसी अधिनियम, 2002 के तहत सुरक्षित संपत्ति की बिक्री के लिए निविदा सह ई–नीलामी**

सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियमों के नियम 8(6) का परंतुक देखें
**अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना**

आम जनता तथा विशेष रूप से कर्जदार, बंधककर्ता और जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अधिक विस्तृत अचल संपत्तियाँ (''सुरक्षित संपत्ति'') आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (''सुरक्षित ऋणदाता'') को बंधक रखी गई हैं, जिनका कब्जा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, उन्हें ''जहाँ है जैसा है'', ''जैसा है'', ''जो कुछ भी है'' और ''बिना किसी सहारे के'' के आधार पर नीचे दिए गए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेचा जाएगा।

| कर्जदार, बंधककर्ता और जमानतदार(रों) के नाम | सुरक्षित संपत्ति का विवरण (नीचे अनुसूची-I वर्णित है) | आरक्षित मूल्य / बयाना राशि जमा (ईएमडी) / वृद्धिशील बोली | तारीख का समय ई-नीलामी | बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| कर्जदार: जैनम क्लोथिंग प्राइवेट लिमिटेड, C/o जैनम, मालवीय रोड, रायपुर-492001 छत्तीसगढ़, बंधककर्ता: महेंद्र कोचर (जैन) जमानतदार(रों): मोतीलाल कोचर (जैन) महेंद्र कोचर (जैन) अभय कोचर (जैन) | वाणिज्यिक संपत्ति 22/295, 22/296, पी.एच. नं. 106 ए, वार्ड नं. 41, मालवीय रोड, रायपुर, छत्तीसगढ़-492 001 | आरक्षित मूल्य: रु. 6,67,00,000/- ईएमडी: रु. 66,70,000/- वृद्धिशील बोली: रु. 2,00,000/- के गुणकों में | जुलाई 25, 2024 अपराह्न 03:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक, प्रत्येक पांच मिनट के असीमित विस्तार के साथ | अधिनियम की धारा 13(2) के तहत जारी डिमांड नोटिस के अनुसार अक्टूबर 30, 2019 तक रु. 26,38,76,901.86P और जून 02, 2024 तक बकाया राशि रु.49,53,97,160.46P है, जिस पर अतिरिक्त ब्याज और शुल्क भी शामिल है। |

1. सुरक्षित संपत्ति आईसीआईसीआई बैंक की देखरेख में आईसीआईसीआई बैंक के अनुमोदित सेवा प्रदाता मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड (DisposalHub) (https://DisposalHub.com.) के माध्यम से निविदा सह ई–नीलामी द्वारा बेची जाएगी।
2. इच्छुक बोलीदाता को बयाना राशि जमा (''ईएमडी'') जुलाई 24, 2024 को अपराह्न 3:00 बजे से पहले अनुसूचित बैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक से क्रॉस्ड डिमांड ड्राफ्ट/पे ऑर्डर के माध्यम से ''आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, ए/सी जैनम क्लोथिंग प्राइवेट लिमिटेड'' के पक्ष में सभी शाखाओं में सममूल्य पर देय, या आईसीआईसीआई बैंक के नामित खाते में एनईएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से जमा करनी होगी, अर्थात खाता संख्या: 0104SLOCOLLN, आईएफएससी कोड: आईसीआईसी0000104, खाता नाम: आईसीआईसीआई बैंक- अंतर्देशीय संग्रह देयताएं, ऋण खाता: जैनम क्लोथिंग प्राइवेट लिमिटेड।
3. निविदा दस्तावेज में दिए गए निर्धारित प्रारूप में बोलियाँ ''प्राधिकृत अधिकारी, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, बीपी-4, टेक्नोपोलिस बिल्डिंग, चौथी मंजिल, सेक्टर-V, साल्ट लेक सिटी, कोलकाता– 700091'' को इलेक्ट्रॉनिक मोड या भौतिक मोड से, आरटीजीएस/एनईएफटी/डिमांड ड्राफ्ट/पे ऑर्डर के माध्यम से ईएमडी राशि के भुगतान के प्रमाण के साथ जुलाई 24, 2024 को अपराह्न 3:00 बजे (आईएसटी) से पहले प्रस्तुत की जानी चाहिए। लिफाफे पर ''जैनम क्लोथिंग प्राइवेट लिमिटेड के लिए बोली फॉर्म और ईएमडी'' लिखा होना चाहिए।
4. उच्चतम बोलीदाता को ईएमडी सहित बिक्री मूल्य का 25.0% नीलामी के उसी दिन या अगले कार्य दिवस से पहले जमा करना होगा तथा शेष राशि संपत्ति की बिक्री की पुष्टि के 15 दिनों के भीतर जमा करनी होगी।
5. प्राधिकृत अधिकारी/सुरक्षित ऋणदाता के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, प्रतिभूत संपत्ति पर कोई भार नहीं है। SA/100/2021 डीआरटी, जबलपुर के समक्ष निर्णय के लिए लंबित है, लेकिन संपत्ति की बिक्री पर बैंक को कोई स्थगन/निषेधाज्ञा नहीं दी गई है। इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली प्रस्तुत करने से पहले भार, नीलामी के लिए रखी गई प्रतिभूत संपत्ति का शीर्षक और प्रतिभूत संपत्ति/संपत्ति को प्रभावित करने वाले दावों/अधिकारों/बकायों के बारे में अपनी स्वतंत्र जाँच करनी चाहिए। ई-नीलामी विज्ञापन सुरक्षित ऋणदाता/बैंक की किसी भी प्रतिबद्धता या प्रतिनिधित्व का गठन नहीं करता है और न ही इसे ऐसा माना जाएगा। संपत्ति को सभी मौजूदा और भविष्य के भारों के साथ बेचा जा रहा है, चाहे वे सुरक्षित ऋणदाता/बैंक को ज्ञात हो या अज्ञात। प्राधिकृत अधिकारी/ सुरक्षित ऋणदाता किसी भी तीसरे पक्ष के दावों/अधिकारों/बकायों के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा।
6. इच्छुक क्रेता/बोलीदाता क्षेत्र, सीमा, स्वामित्व, उपयोग, राजस्व रिकॉर्ड, पंजीकरण, या अन्य विवरणों के संबंध में कोई आपत्ति उठाने का हकदार नहीं होगा, जैसा कि उन्हें माना जाता है और उन्हें सही माना जाएगा और यदि सुरक्षित संपत्ति/संपत्ति के विवरण में कोई त्रुटि या गलत बयान या चूक पाई जाती है, तो वह बिक्री को रद्द नहीं करेगा और क्रेता/बोलीदाता बैंक या उसके अधिकारियों से किसी भी मुआवजे का हकदार नहीं होगा और किसी भी प्रकार के मुआवजे के लिए कोई शिकायत नहीं की जाएगी।
7. बिक्री इस सार्वजनिक सूचना में शामिल नियमों और शर्तों के अधीन होगी और जैसा कि बोली/निविदा दस्तावेज में निर्धारित है। प्राधिकृत अधिकारी को बिना कोई कारण बताए किसी भी निविदा/बोली को स्वीकार या अस्वीकार करने या बिक्री के नियमों और शर्तों को संशोधित करने या बिक्री को स्थगन/स्थगित करने का पूर्ण अधिकार है।
8. नीलामी बिक्री, निरीक्षण, नीलामी के नियम व शर्तों या निविदाओं की प्रस्तुति के संबंध में किसी भी अन्य स्पष्टीकरण के लिए कृपया बैंक के कार्य दिवसों में सुबह 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे के बीच फोन नंबर 7004972854/8584826559 पर संपर्क करें।

**अनुसूची-I : सुरक्षित संपत्ति / अचल संपत्ति का विवरण**

| संपत्ति का ब्यौरा | सीमाएँ |
|---|---|
| वह सभी व्यावसायिक संपत्ति जिसका मकान नंबर 22/295 और 22/296 है, जिसका क्षेत्रफल 2,265.00 वर्ग फीट है या 210.50 वर्ग मी. रायपुर खास, मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड, वार्ड नंबर 41, पी.एच. क्रमांक 106-ए, स्थित आबादी खसरा नंबर 666 के हिस्से में शामिल है। मालवीय रोड, आर.आई.सी रायपुर-1, तहसील एवं जिला रायपुर (छ.ग.)। सभी संलग्न उपकरणों, संयंत्र और मशीनरी सहित | उत्तर की ओर: 6 फीट गली, पूर्व की ओर: 7 फीट गली और नहर, दक्षिण में: तरुण स्टोर्स का घर, पश्चिम में: मालवीय रोड मुख्य मार्ग |

दिनांक: जून 28, 2024
स्थान : कोलकाता

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**भारत ने 10 साल बाद फाइनल में बनाई जगह**

**दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड को 68 रन से हराया**

## टी20 विश्व कप : फाइनल में कल दक्षिण अफ्रीका से होगा सामना

# भारत ने गत चैंपियन इंग्लैंड से चुकता किया बदला, अक्षर-कुलदीप बने हीरो

एजेंसी ▶▶ जॉर्जटाउन

भारत ने दूसरे सेमीफाइनल में गत चैंपियन इंग्लैंड को 68 रन से हराकर टी20 क्रिकेट विश्व कप फाइनल में प्रवेश किया जिसमें उसका सामना शनिवार को दक्षिण अफ्रीका से होगा।10 साल बाद टीम इंडिया टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंच गई है। भारत इससे पहले 2014 में टी20 विश्व कप के फाइनल में पहुंचा था। टूर्नामेंट के 2007 के शुरुआती चरण की चैंपियन भारतीय टीम इस तरह तीसरे टी20 विश्व कप फाइनल में पहुंची। भारत ने इस जीत से 2022 में इस टूर्नामेंट में इंग्लैंड से सेमीफाइनल में मिली 10 विकेट की हार का बदला भी चुकता किया।

भारतीय टीम ने रोहित शर्मा (57) के अर्धशतक और सूर्यकुमार यादव (47 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए उनकी 73 रन की साझेदारी की बदौलत मुश्किल पिच पर सात विकेट पर 171 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। फिर भारत ने अपने स्पिनर अक्षर (तीन विकेट) और कुलदीप (तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन से इंग्लैंड को महज 16.4 ओवर में 103 रन पर समेट दिया। जसप्रीत बुमराह ने 2.4 ओवर में 12 रन देकर दो विकेट झटके। इंग्लैंड के लिए कप्तान जोस बटलर (23), हैरी ब्रूक (25), जोफ्रा आर्चर (21) और लियाम लिविंगस्टोन (11) ही दोहरे अंक तक पहुंच सके। भारतीय गेंदबाजी की शुरुआत अर्शदीप सिंह ने की जिनके दूसरे ओवर में बटलर ने तीन चौके से 19 रन बनाए।





### रोहित ने 50वां छक्का जड़ा

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रिकॉर्ड्स की झड़ी लगाने वाले रोहित का बल्ला इंग्लैंड के खिलाफ भी बोला। उन्होंने इसके साथ ही टी20 विश्व कप में अपना 50वां छक्का जड़ा। वह इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज हैं। उनसे आगे क्रिल गेल हैं जिन्होंने 63 छक्के जड़े हैं। रोहित इसके साथ ही सभी प्रारूपों में कप्तान के तौर पर पांच हजार रन पूरे करने वाले पांचवें भारतीय कप्तान बन गए हैं।



### रोहित का टी-20 वर्ल्ड कप में 11वां अर्धशतक

रोहित शर्मा ने टी20 विश्व कप में 11वीं बार अर्धशतक पूरा किया। रोहित इसके साथ ही टी20 विश्व कप में सर्वाधिक अर्धशतक बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में विराट कोहली के बाद दूसरा स्थान पर मौजूद हैं। कोहली अब तक इस वैश्विक टूर्नामेंट में 14 बार पचासा जड़ चुके हैं और इस सूची में शीर्ष पर हैं। वहीं, वेस्टइंडीज के दिग्गद पूर्व बल्लेबाज क्रिस गेल ने इस टूर्नामेंट में नौ अर्धशतक लगाए हैं।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा बो रशीद | 57 | 39 | 6 | 3 |
| विराट कोहली बो टॉप्ले | 09 | 09 | 0 | 1 |
| पंत का बेयरस्टो बो करन | 04 | 06 | 0 | 0 |
| सूर्यकुमार का जोर्डन बो आर्चर | 47 | 36 | 4 | 2 |
| पंड्या का करण बो जोर्डन | 23 | 13 | 1 | 2 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 17 | 09 | 2 | 0 |
| दुबे का बटलर बो जोर्डन | 00 | 01 | 0 | 0 |
| अक्षर का सॉल्ट बो जोर्डन | 10 | 06 | 0 | 1 |
| अर्शदीप सिंह नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 03, कुल : 20 ओवर में 171/7
गेंदबाजी : टॉप्ले 3-0-25-1, आर्चर 4-0-33-1, करन 2-0-25-1, रशीद 4-0-25-1, जोर्डन 3-0-37-3, लिविंगस्टोन 4-0-24-0.

| इंग्लैंड | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| फिल सॉल्ट बो बुमराह | 05 | 08 | 0 | 0 |
| जोस बटलर का पंत बो अक्षर | 23 | 15 | 4 | 0 |
| मोईन अली स्ट पंत बो अक्षर | 08 | 10 | 0 | 0 |
| जॉनी बेयरस्टो बो अक्षर | 00 | 03 | 0 | 0 |
| हैरी ब्रुक बो कुलदीप यादव | 25 | 19 | 3 | 0 |
| कुरेन पगबाधा बो कुलदीप | 02 | 04 | 0 | 0 |
| लिविंगस्टोन रन आउट | 11 | 16 | 0 | 0 |
| जोर्डन पगबाधा बो कुलदीप | 01 | 05 | 0 | 0 |
| आर्चर पगबाधा बो बुमराह | 21 | 15 | 1 | 2 |
| आदिल रशीद रन आउट | 02 | 02 | 0 | 0 |
| रीस टॉप्ले नाबाद | 03 | 03 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 02, कुल : 16.4 ओवर में 103/10
गेंदबाजी : अर्शदीप 2-0-17-0, बुमराह 2.4-0-12-2, अक्षर 4-0-23-3, कुलदीप 4-0-19-3, जडेजा 3-0-16-0, पंड्या 1-0-14-0.

## द. अफ्रीका 'चोकर्स' नहीं 'विनर्स'

### पहली बार टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में बनाई जगह



एजेंसी ▶▶ तारोबा

अपने जांबाज प्रदर्शन से सभी का दिल जीतने वाले अफगानिस्तान का टी20 विश्व कप फाइनल में पहुंचने का सपना टूट गया जब दक्षिण अफ्रीका ने अपने पर लगा 'चोकर्स' का ठप्पा हटाते हुए उसे 9 विकेट से हराकर पहली बार खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। अब दक्षिण अफ्रीका का सामना शनिवार को फाइनल में भारत या इंग्लैंड से होगा। इस हार के बावजूद हालांकि अफगान टीम फख्र के साथ सिर ऊंचा करके स्वदेश लौटेगी जिसने अपने जुझारू प्रदर्शन से समूचे क्रिकेट जगत को चौंका दिया है। दक्षिण अफ्रीका ने बेहतरीन गेंदबाजी का नमूना पेश करते हुए अफगानिस्तान को मात्र 56 रन पर आउट कर दिया। मार्को जेनसन ने 16 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि कैगिसो रबाडा ने 14 और एनरिच नॉर्किया ने सात रन देकर दो दो विकेट चटकाए।

पावरप्ले के भीतर अफगानिस्तान का स्कोर पांच विकेट पर 28 रन था और पूरी टीम 11.5 ओवर में आउट हो गई। क्विंटोन डिकॉक का विकेट जल्दी गंवाने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका ने 8.5 ओवर में 60 रन आसानी से बना डाले। रीजा हेंडरिक्स 29 रन बनाकर और कप्तान एडेन माक्ररम 23 रन बनाकर नाबाद रहे।



### पिच खराब, की कड़ी आलोचना

'मैं खुद को परेशानी में नहीं डालना चाहता और मैं अंगूर खट्टे हैं जैसा मामला भी नहीं बनना चाहता लेकिन यह उस तरह की पिच नहीं थी जिस पर कोई विश्व कप का सेमीफाइनल खेलना चाहेगा।'

\- जोनाथन ट्रॉट,
कोच, अफगानिस्तान

### खबर संक्षेप



**लंदन में आयोजित होगी वैश्विक शतरंज लीग**

**लंदन।** दूसरी वैश्विक शतरंज लीग का आयोजन 3 से 12 अक्टूबर तक लंदन में किया जाएगा। आयोजकों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। वैश्विक शतरंज लीग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ और टेक महिंद्रा की संयुक्त पहल है। दस दिन तक चलने वाली इस लीग का आयोजन सेंट्रल लंदन के फ्रेंड्स हाउस में किया जाएगा जिसमें दुनिया के चोटी के खिलाड़ी भाग लेंगे। यह लीग टीम आधारित प्रारूप में खेली जाएगी जिसमें मौजूदा विश्व चैंपियन सहित कई युवा खिलाड़ी भी भाग लेंगे। प्रत्येक टीम में 6 खिलाड़ी होंगे।

**बुमराह मुझसे 1000 गुना बेहतर गेंदबाज : कपिल**

**नई दिल्ली।** जसप्रीत बुमराह मौजूदा टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं, उन्होंने अब तक 23 ओवर में 11 विकेट चटकाए हैं। भारत के पहले विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव ने कहा, 'बुमराह मुझसे 1000 गुना बेहतर गेंदबाज हैं। ये युवा हमसे कहीं बेहतर हैं। हमारे पास अधिक अनुभव था। वे बेहतर हैं।' बुमराह को इस समय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज माना जाता है। भारत के लिए 26 टेस्ट खेल चुके इस गेंदबाज ने 159 विकेट चटकाए हैं। वह 89 वनडे में 149 विकेट और 68 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 85 विकेट झटक चुके हैं।



**महिलाओं के लिए और टेस्ट की मांग**

**चेन्नई।** दक्षिण अफ्रीका महिला टीम की कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट ने शुक्रवार से भारत के खिलाफ शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट से पहले महिला क्रिकेट कैलेंडर में और अधिक टेस्ट मैच शामिल करने की मांग की। लौरा ने साथ ही अपने देश के घरेलू ढांचे में भी लाल गेंद वाले टूर्नामेंट को शामिल करने की मांग की। भारत और दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम यहां चेपक में इतिहास के अपने तीसरे और लगभग 10 वर्ष में पहले टेस्ट के लिए आमने सामने होंगी। लौरा ने स्वीकार किया कि उनकी टीम इस टेस्ट के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं है।



# किरण ने 400 मीटर स्पर्धा में हासिल किया ओलंपिक कोटा

एजेंसी ▶▶ पंचकुला

हरियाणा की किरण पहल ने गुरुवार को यहां राष्ट्रीय अंतर राज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में 50.92 सेकंड का समय निकालकर महिलाओं की 400 मीटर स्पर्धा में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया।

महिलाओं की 400 मीटर स्पर्धा में क्वालीफाइंग मार्क 50.95 सेकंड था जिससे किरण अगले महीने होने वाले ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने में सफल रही। यह इस सत्र में उनका सर्वश्रेष्ठ समय था और इसके साथ ही वह 51 सेकंड से कम समय में रेस पूरी करने वाली दूसरी भारतीय महिला भी बनीं। वह गुजरात की देवी अनिबा जाला से आगे रहीं जिन्होंने 53.44 सेकंड के समय से दूसरा स्थान प्राप्त किया। केरल की स्नेहा के 53.51 सेकंड से तीसरे स्थान पर रहीं।





### टेस्ट : भारत की युवा खिलाड़ियों पर नजर

**चेन्नई।** भारत और दक्षिण अफ्रीका की महिला क्रिकेट टीम शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच में जब आमने-सामने होंगी तो युवा विशेषकर पदार्पण करने वाली खिलाड़ियों पर सभी की निगाह टिकी रहेगी। महिला खिलाड़ियों को टेस्ट क्रिकेट खेलने का कम मौका मिलता है और ऐसे में भारतीय टीम में शामिल कम से कम पांच खिलाड़ियों को यहां पदार्पण करने का मौका मिल सकता है। भारत और दक्षिण अफ्रीका की टीम एक दूसरे के खिलाफ लगभग एक दशक बाद टेस्ट मैच खेलेंगी।



# रोनाल्डो से हुई बातचीत से प्रेरित हो खिचा ने पुर्तगाल को हराया



एजेंसी ▶▶ गेलसेनकिरचेन

मैच से पहले क्रिस्टियानो रोनाल्डो से हुई बातचीत ने खिचा कवारात्सखेलिया को इतना प्रेरित किया कि उनकी टीम जॉर्जिया ने यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप का बड़ा उलटफेर करते हुए रोनाल्डो की पुर्तगाल को 2-0 से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई।

**यूरो 2024**

रोनाल्डो के प्रशंसक जॉर्जिया के सात नंबर जर्सी वाले कवारात्सखेलिया ने मैच से ठीक पहले अपने पसंदीदा खिलाड़ी से बात की। उन्हें रोनाल्डो की शर्ट भी तोहफे में मिली और इसी खिलाड़ी ने मैच में पहला गोल दाग दिया।

रोनाल्डो अभी तक इस टूर्नामेंट में एक भी गोल नहीं कर सके हैं। जॉर्जिया को नॉकआउट में पहुंचने के लिए यह मैच हर हालत में जीतना था। उसने 93वें सेकंड में बढ़त बना ली जब जार्जेस एम के पास पर कवारात्सखेलिया ने गेंद गोल के भीतर डाला। दूसरा गोल 57वें मिनट में जॉर्जेस मिकाउताद्जे ने दागा। पुर्तगाल ग्रुप एफ से पहले ही क्वालीफाई कर चुका है जबकि जॉर्जिया तीसरी सर्वश्रेष्ठ टीम के रूप में पहुंचा।

### बेल्जियम अंतिम 16 में पहुंचा



**स्टटगार्ट।** बेल्जियम ने यूक्रेन से गोलरहित ड्रॉ खेलने के बाद यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया जबकि यूक्रेन चार अंक लेकर बाहर होने वाली ग्रुप की पहली टीम बन गई। बेल्जियम का सामना अब सोमवार को डसेलडोर्फ में अंतिम 16 के मुकाबले में फ्रांस और काइलियान एमबाप्पे से होगा। ग्रुप ई में सभी टीमों के चार अंक रहे लेकिन बेहतर गोल औसत के आधार पर रोमानिया शीर्ष, बेल्जियम दूसरे और स्लोवाकिया तीसरे स्थान पर रहा। रोमानिया और स्लोवाकिया का मैच 1-1 से ड्रॉ रहा। रोमानिया वर्ष 2000 के बाद पहली बार यूरो नॉकआउट में खेलेगा।

### मुगुरुजा डब्लूटीए फाइनल्स की नई टूर्नामेंट निदेशक

**रियाद।** हाल ही में टेनिस को अलविदा कहने वाली दो बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन गार्बाइन मुगुरुजा सउदी अरब में 2024-26 में होने वाले डब्लूटीए फाइनल्स की टूर्नामेंट निदेशक होंगी। मुगुरुजा पहली पूर्व खिलाड़ी है जो सत्र की आखिरी चैंपियनशिप में यह पद संभालेंगी। शीर्ष आठ एकल खिलाड़ियों और शीर्ष आठ महिला युगल टीमों के बीच होने वाला यह एलीट टूर्नामेंट पहली बार इस साल सउदी अरब में दो से नौ नवंबर के बीच होगा। मुगुरुजा ने टूर पर आखिरी बार जनवरी 2023 में खेला था।



# श्रीलंकाई कोच सिल्वरवुड ने पद से दिया इस्तीफा

एजेंसी ▶▶ कोलंबो

श्रीलंका के मुख्य कोच क्रिस सिल्वरवुड ने बृहस्पतिवार को टी20 विश्व कप में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद पद से इस्तीफा दे दिया। पूर्व कप्तान महेला जयवर्धने ने भी सलाहकार कोच के पद से इस्तीफा दे दिया था। सिल्वरवुड ने एक बयान में कहा, 'अंतरराष्ट्रीय कोच होने का मतलब लंबे समय तक अपनों से दूर रहना है। अपने परिवार से सलाह लेने के बाद मैं भारी मन से घर लौटने और परिवार के साथ समय बिताने का फैसला ले रहा हूं। श्रीलंका क्रिकेट का हिस्सा रहना मेरे लिए फख्र की बात रही है। मैं काफी अच्छी यादें लेकर जा रहा हूं।'



## विश्व कप के नॉकआउट चरण में दक्षिण अफ्रीका हारकर होती है बाहर

# जीती हुई बाजी को हारने के कारण लगा चोकर्स का धब्बा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हारकर जीतने वाले को बाजीगर कहते हैं लेकिन क्रिकेट वर्ल्ड कप में जीतकर हार जाने वाले को 'चोकर्स' कहते हैं। बात हो रही है दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट टीम की जो बड़े टूर्नामेंट खासकर वर्ल्ड कप में जबरदस्त प्रदर्शन करने के बावजूद अहम मौके पर हार जाती है। शायद यही कारण है कि दिग्गजों से भरी हुई दक्षिण अफ्रीकी टीम कई मौके मिलने के बावजूद आज तक कभी भी वर्ल्ड कप नहीं जीत पाई है। आलम यह था कि दक्षिण अफ्रीका को दबाव के आगे घुटने टेकने वाले 'चोकर्स' कहा जाने लगा लेकिन एक मैच ने दास्तां बदल दी, वक्त बदल दिया और जज्बात बदल दिए। अफगानिस्तान को तारोबा में टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में नौ विकेट से हराकर पहली बार दक्षिण अफ्रीका टीम फाइनल में पहुंची तो न जाने कितने सालों के जख्मों पर मरहम लग गया।

**1992 वनडे विश्व कप सेमीफाइनल**
दबाव के आगे घुटने नहीं टेके लेकिन किस्मत ने साथ नहीं दिया। रंगभेद के कारण बाईस साल का निष्कासन झेलने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लौटी दक्षिण अफ्रीका के पास बेहतरीन तेज गेंदबाज और चुस्त फील्डर थे। लेकिन सेमीफाइनल में बारिश आई और उसे सात गेंद से 22 रन की बजाय अब एक गेंद में 22 रन बनाने का संशोधित लक्ष्य मिला।

**1996 विश्व कप क्वार्टर फाइनल**
सभी ग्रुप मैच जीतने के बाद हैंसी क्रोन्ये की टीम का पलड़ा भारी माना जा रहा था लेकिन ब्रायन लारा की जबर्दस्त बल्लेबाजी के बाद रोजर हार्पर और जिम्मी एडम्स की फिरकी के जाल में दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज फंसते चले गए और 19 रन से हार गए।



**1999 विश्व कप सेमीफाइनल**
दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेट इतिहास का सबसे निराशाजनक मैच। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे लांस क्लूसनर को जिसने 'ट्रेजेडी किंग' बना दिया। जीत के लिए 214 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका को आखिरी ओवर में नौ रन बनाने थे। आखिरी जोड़ी क्रीज पर थी। क्लूसनर ने पहली दो गेंद पर चौका जड़ा लेकिन अगली गेंद पर एलेन डोनाल्ड रन आउट हो गए और मैच टाई हो गया।

**2007 विश्व कप सेमीफाइनल**
पहले बल्लेबाजी का दक्षिण अफ्रीका का फैसला गलत साबित हुआ । ग्रीम स्मिथ, हर्शल गिब्स , जाक कैलिस, एबी डिविलियर्स और मार्क बाउचर जैसे धुरंधर 149 के स्कोर पर आउट हो गए । आस्ट्रेलिया ने 20 ओवर बाकी रहते मैच जीता।

**2009 टी20 विश्व कप सेमीफाइनल**
दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, भारत को हराकर अंतिम चार में जगह बनाई । लेकिन शाहिद अफरीदी की शानदार स्पिन गेंदबाजी के सामने टीम 150 रन का लक्ष्य भी हासिल नहीं कर सकी ।

**2011 वनडे विश्व कप क्वार्टर फाइनल**
एबी डिविलियर्स, फाफ डु प्लेसी, ग्रीम स्मिथ, जाक कैलिस और जेपी डुमिनी जैसे दिग्गज न्यूजीलैंड के खिलाफ 222 रन का लक्ष्य हासिल नहीं कर पाए। एक समय 25 ओवर में आठ विकेट पर 108 रन बनाने के बाद अगले सात विकेट 64 रन पर गंवा दिए।

**2013 चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल**
दक्षिण अफ्रीका का स्कोर आठ विकेट पर 80 रन था जिसके बाद डेविड मिलर और रोरी क्लेनवेल्ट ने इसे 175 रन तक पहुंचाया। जोनाथन ट्रॉट के नाबाद 82 रन की मदद से इंग्लैंड ने 12 ओवर और सात विकेट बाकी रहते जीत दर्ज की।

**2014 टी20 विश्व कप सेमीफाइनल**
भारतीय टीम ने एक ईकाई के रूप में शानदार प्रदर्शन करके दक्षिण अफ्रीका को हराया।

**2015 वनडे विश्व कप सेमीफाइनल**
दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेटरों की सुनहरी पीढ़ी। हर विभाग में उत्तम लेकिन फिर सेमीफाइनल हारे। न्यूजीलैंड ने सेमीफाइनल में हराकर फिर दक्षिण अफ्रीका का दिल तोड़ा।

**2022 टी20 विश्व कप सुपर 12**
सेमीफाइनल से एक जीत दूर दक्षिण अफ्रीकी टीम को नीदरलैंड ने 13 रन से हराकर उलटफेर कर दिया था।

**2023 वनडे विश्व कप सेमीफाइनल**
लीग चरण में शानदार प्रदर्शन करने के बाद अंतिम चार के अहम मुकाबले में एक बार फिर 'चोकर ' साबित हुई दक्षिण अफ्रीका टीम।

### रहाणे ने लीसेस्टरशर के साथ किया अनुबंध



**लीसेस्टर।** भारत के पूर्व कप्तान अजिंक्य रहाणे ने मौजूदा सत्र के दूसरे भाग के लिए इंग्लिश काउंटी टीम लीसेस्टरशर के साथ अनुबंध किया है। क्लब ने गुरुवार को इसकी घोषणा की। वह काउंटी चैंपियनशिप के अंतिम पांच मैचों में टीम का प्रतिनिधित्व करने के साथ वन डे कप में भी खेलेंगे। लीसेस्टरशर की टीम वन डे कप की गत चैंपियन है। वह टीम में 36 वर्षीय खिलाड़ी वियान मुल्डर की जगह लेंगे। रहाणे ने सभी प्रारूपों (प्रथम श्रेणी, लिस्ट-ए और टी20) में 51 शतक की मदद से 26,000 से अधिक रन बनाए हैं।




*घर में किया 2500 बौने पौधों का कलेक्शन*

# जीवनभर की कमाई पेड़-पौधे के लिए लगा दी 'बोनसाई मैन' ने

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



अभी तक आपने सुना होगा कि लोग एक दो या फिर दर्जन भर पेड़-पौधे अपने घरों में लगाते हैं। लेकिन, आज हम बात कर रहे हैं जबलपुर के उस 76 वर्षीय शख्स की, जिन्होंने अपने जीवन भर की जमा पूंजी से 2,500 बोनसाई मतलब पौधों का कलेक्शन घर में किया है। अपने घर का नाम भी बोनसाई बसेरा दे दिया है। अब बुजुर्ग इन्हीं ढाई हजार बोनसाई के पौधे को अपने बच्चों की तरह पालन पोषण करते हैं। जबलपुर के बिजली विभाग से रिटायर्ड 74 वर्षीय सोहनलाल द्विवेदी पर्यावरण संरक्षण के लिए अहम भूमिका निभा रहे हैं। अब उन्हें पूरे जबलपुर में 'बोनसाई मैन' के नाम से जाना जाने लगा है। खास बात यह है कि इन्होंने 40 वर्ष की अपने जीवनभर की जमा पूंजी से बोनसाई पौधे का कलेक्शन तैयार किया है। जिसमें 40 से अधिक प्रजातियां हैं। जिसमें मोसंबी, नारंगी, संतरा बरगद, पीपल, कैक्टस, अशोक जैसे सजावटी पौधे भी हैं।

## लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज कराने का दावा

उन्होंने दावा किया है कि देशभर में सबसे ज्यादा बोनसाई पौधे का कलेक्शन उनके पास है। यह जल्द ही रिकॉर्ड लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज होगा। लिहाजा, सोहनलाल पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने का काम कर रहे हैं। प्रकृति प्रेमी सोहनलाल ने बोनसाई के बारे में जानकारी दिल्ली, कोलकाता, मुंबई जैसे बड़े-बड़े महानगरों में जाकर ली है। साथ ही इसकी ट्रेनिंग भी ली है, जिसके बाद घर में ही बोनसाई का कलेक्शन तैयार हो गया।

# श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति ने 1072 को कराया माता वैष्णो देवी का दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आस्थावान भक्तों, वयो वृद्धों को श्रवण कुमार की भांति सेवाभावना के साथ सफल सुरक्षित, शानदार एवं यादगार यात्रा कराते आ रही श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति ने पहली बार मां वैष्णो देवी की अविस्मरणीय यात्रा कराकर कीर्तिमान रच दिया है। 8 से 14 जून तक चली इस यात्रा में 1072 श्रद्धालुओं ने स्पेशल ट्रेन से यात्रा के सुखद अनुभवों के साथ अपना जीवन धन्य बनाया। जम्मू के कटरा स्थित माता वैष्णो देवी का मंदिर हर कष्टों का निवारण करने वाली सुखद एवं भयमुक्त जीवन का मार्ग प्रशस्त करती है। जिनको माता का बुलावा आता है, वही मां वैष्णो देवी के दरबार पहुंचकर उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। गर्मियों की छुट्टियों के बीच माता के भक्तों की इसी दर्शन लालसा को बेहद किफायती दर में पूरा कराने के संकल्प के साथ श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति ने 8 से 14 जून तक 1072 श्रद्धालुओं के जत्थे को पहली बार माता वैष्णो देवी स्पेशल ट्रेन के माध्यम से पावन यात्रा कराई। जिसमें न केवल माता वैष्णो देवी का पावन एवं रमणीय त्रिकुटा पर्वत का दर्शन एवं दीदार कराया, वरन देश की पावन धार्मिक स्थलों मथुरा, वृंदावन एवं हरिद्वार में भी उनका दर्शन कराया। माता वैष्णोदेवी साप्ताहिक पावन यात्रा की शुरुआत रायपुर रेलवे स्टेशन से स्पेशल ट्रेन के माध्यम से 8 जून को शुरू हुई।

- स्पेशल ट्रेन से पहुंचे मथुरा-वृंदावन व हरिद्वार

# इंदिरा सिंह को श्रद्धांजलि देने पहुंचे देश और प्रदेश के नेता



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

राजपरिवार की सदस्य स्व. श्रीमती इंदिरा सिंह के निधन उपरान्त आज तेरहवी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान देश व प्रदेश के बड़े नेता ने तेरहवी में शामिल हुए और अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। बता दें कि सरगुजा राज परिवार की सदस्य श्रीमती इंदिरा सिंह का निधन का 15 जून को हो गया था। निधन उपरान्त प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने उन्हें मुखाग्नि दी। श्रीमती इंदिरा सिंहदेव के निधन के बाद सीएम डॉ. विष्णुदेव साय, कैबिनेट मंत्रियों, प्रदेशभर के नेताओं व अधिकारियों का आगमन सरगुजा में लगा रहा। इस दौरान उन्होंने पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव से उनके तपस्या निवास में मिलकर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं आज पूर्व डिप्टी सीएम के निवास तपस्या में तेरहवीं का कार्यक्रम किया गया। तेरहवीं में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट, कांग्रेस महासचिव व सांसद कुमारी शैलजा, विधानसभा नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, छत्तीसगढ़ सह प्रभारी डॉ. चन्दन यादव, विजय जांगिड़, विधायक कवासी लखमा, जय सिंह अग्रवाल, विनय जायसवाल, अमरजीत भगत, छबील कर्मा, प्रदेश के कांग्रेस समर्थित महापौर के साथ ही प्रदेश व देशभर से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# डा.रमन के जीजा महेंद्र कल्चुरी का निधन



रायपुर। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के जीजा महेंद्र कल्चुरी का गुरुवार को निधन हो गया। श्री कल्चुरी लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। गुरुवार को राजधानी रायपुर के एक निजी अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। श्री कल्चुरी के देहावसान से डॉ. रमन सिंह के परिवार में शोक का वातावरण है। श्री कल्चुरी अपने पीछे एक भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं, जिसमें बेटा साकेत, बहू शैलजा कल्चुरी, बेटा शान्तनु, बहू कविता कल्चुरी के साथ बेटी सोनल सिंह और नाती पोते में शुभी, शौर्य, ईशान, मोहवी, अनय और आरिका हैं। शुक्रवार 28 जून को सुबह 11:30 बजे उनका अंतिम संस्कार देवेंद्र नगर स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा।




# *खत्म नहीं हुआ है एलियन ममी का विवाद, दो तरह के किए जा रहे दावे*



*न्यूयार्क। पेरू में मिले दो एलियन के शवों का विवाद अभी थमा नहीं है। एक मैक्सिकन पत्रकार जो एलियन शवों के कब्जे का दावा कर रहा है, वह उनकी प्रामाणिकता की पुष्टि के लिए अमेरिकी और यूरोपीय वैज्ञानिकों से पुष्टि करवाने का प्रयास कर रहा है और इस मामले अब कानूनी लड़ाई लड़ने की तैयारी है। वहीं, बहुत से पुरातत्वविद, इतिहासकार और विशेषज्ञ अब भी इन तथाकथित शवों के एलियन होने पर संदेह जता रहे हैं।*

# 16 लाख की इनामी दो महिला माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



माओवादियों के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत महाराष्ट्र गढ़चिरौली पुलिस बल के समक्ष दो महिला माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पित माओवादियों पर 16 लाख रुपए का इनाम घोषित था। माओवादियों के खिलाफ पुलिस द्वारा प्रभावी रूप से अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत महाराष्ट्र के जिला गढ़चिरौली में पुलिस के समक्ष दो इनामी महिला माओवादी बाली ऊर्फ रामबत्ती ऊर्फ झरीना नरोटे (28), प्लाटून पार्टी कमिटी सदस्य, एरिया कमिटी सदस्य कंपनी क्र. 10, झारेवाडा जिला गढ़चिरौली व शशीकला ऊर्फ चंद्रकला ऊर्फ सुनंदा ऊर्फ मनिषा ऊइके (29), प्लाटून पार्टी कमेटी सदस्य एरिया कमेटी सदस्य कंपनी क्र. 10 कटेझरी जि. गढ़चिरौली ने गढ़चिरौली पुलिस बल के सामने आत्मसमर्पण किया है। उक्त माओवादियों पर महाराष्ट्र सरकार ने 16 लाख रुपए का इनाम घोषित किया था।






हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com